अनुराग
हेल्थ केयर प्रा.लि.
•ICU •NICU DIALYSIS
• MODULAR OT
दूरबीन विधि
से आपरेशन
अब कम खर्च में
सीजीएचएस, मेडीक्लेम व आयुष्मान कार्ड मान्य
117/क्यू/702,
शारदा नगर, कानपुर
9889538233, 7880306999

## नकली माल की आशंका पर मारा अधिकारियों ने छापा

संवाददाता गुरसहायगंज

**अमृत विचार।** नकली माल होने की आशंका पर कंपनी के अधिवक्ता और उसके अधिकारियों ने कस्बा की तीन दुकानों पर छापा मारकर जांच पड़ताल की। बिना बिल का कुछ माल अपने साथ ले गए।

एक ख्याति प्राप्त कॉस्मेटिक कंपनी का नकली माल बेचे जाने की सूचना पर कंपनी के अधिवक्ता शशांक सिंह ने कंपनी के अधिकारियों के साथ कस्बा के तिर्वा रोड व सर्विस रोड स्थित कॉस्मेटिक की होलसेल की तीन दुकानों पर छापा मारा। बताते हैं कि बड़े पैमाने पर बड़ी कॉस्मेटिक कंपनी के तमाम ब्रांड का नकली माल बेचा जाता है। अधिवक्ता ने बताया कि छानबीन में मिले माल का पक्का बिल दुकानदार नहीं दिखा पाए। इससे माल नकली होने की आशंका है। कुछ माल को अपने साथ जांच के लिए ले जा रहे हैं नकली होने पर कार्रवाई होगी।


छापे के दौरान मौजूद पुलिस बल।

## बंद होगा बुध बाजार, गुरुवार को पूर्ण साप्ताहिक बंदी

संवाददाता सौरिख

- नगर पंचायत में व्यापारियों की बैठक के बाद अतिक्रमण पर भी सख्ती के निर्देश

**अमृत विचार।** नगर पंचायत सभागार में आयोजित व्यापारियों संग बैठक में कस्बे में बुधवार को लगने वाली बाजार को बंद करने पर सहमति बनी। इसके साथ ही बृहस्पतिवार को सख्ती से पूर्ण साप्ताहिक बंदी लागू करने की बात तय की गई।

सोमवार को नगर पंचायत अध्यक्ष राहुल गुप्ता, अधिशासी अधिकारी सुनील कुमार व व्यापारी संघ पदाधिकारियों ने कस्बे के व्यापारियों के साथ बैठक कर उनकी समस्याएं सुनीं। सर्वसम्मति से तय किया गया कि बुधवार बाजार बंद रहेगा, जबकि बृहस्पतिवार को पूर्ण रूप से बंदी लागू की जाएगी। केवल दवा और जरूरी वस्तुओं की ही दुकानें खुलेंगी। साप्ताहिक बंदी के उल्लंघन पर क्रमशः 1000 रुपये, 2500 रुपये व तीसरी बार 5000 रुपये का चालान किए जाने का निर्णय लिया गया।

अधिशासी अधिकारी ने व्यापारियों से अपील करते हुए कहा कि दुकान के सामने अतिक्रमण न करें, अन्यथा सख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही दुकानदारों को साफ-सफाई बनाए रखने के निर्देश दिए गए और कूड़ा डस्टबिन में एकत्र कर नगर पंचायत की गाड़ी में ही डालने को कहा गया।नगर पंचायत अध्यक्ष ने व्यापारियों को आश्वस्त किया कि उनकी सुरक्षा व हितों को ध्यान में रखते हुए नगर पंचायत द्वारा आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। बैठक में व्यापारी संघ के अनूप राठौर, सुनील अग्निहोत्री, हरिशंकर गुप्ता, वासु दुबे, खुर्शीद आलम सहित मनोनीत सभासद रामवीर शाक्य व कस्बे के अनेक दुकानदार मौजूद रहे।



नगर पंचायत में व्यापारियों के साथ बैठक करते अध्यक्ष राहुल गुप्ता, ईओ सुनील कुमार सिंह व अन्य। अमृत विचार

## न्यूज ब्रीफ

### कोटेदार पर छेड़छाड़ का आरोप लगाया

**कन्नौज।** राशन कोटेदार पर महिला ने छेड़छाड़ व अभद्रता का आरोप लगाकर एसपी से शिकायत की है। पति द्वारा छोड़े जाने से महिला मायके में रहती है। तालग्राम थाना क्षेत्र की एक ग्राम पंचायत के राशन कोटेदार पर महिला ने छेड़छाड़ व अभद्रता का आरोप लगाया है। पीड़िता को पति ने छोड़ दिया जिससे वह मायके एटा जनपद में रह रही है। महिला का आरोप है कि कोटेदार राशन लेने के लिये आने वाली महिलाओं व युवतियों से छेड़छाड़ व अभद्र टिप्पणी करता है। विरोध करने पर धमकी देता है। गांव की कई महिलाओं व युवतियों से छेड़छाड़ कर चुका है। आरोप है कि उसके पास एक वीडियो है जिसमें कोटेदार उसका भी नाम ले रहा है कि उसने छेड़छाड़ की है। इसी की जानकारी पर पति ने उसे घर से निकाल दिया।

### ट्रक की टक्कर से छात्रा घायल

**कन्नौज।** महाविद्यालय से एमएससी की परीक्षा देकर लौट रही छात्रा को ट्रक ने टक्कर मारदी। इससे छात्रा गंभीर रुप से घायल हो गई। मामले की तहरीर पीडिता के पिता ने सिकंदरपुर चौकी पुलिस को दिया है। लोगों ने ट्रक व उसके चालक को मौके पर पकड कर चौकी पुलिस के सुपुर्द कर दिया है। कोतवाली छिबरामऊ के ग्राम बहादुर निवासी शिशुपाल ने पुलिस को दिये शिकायती पत्र में कहा कि स्नेहलता सोमवार को एमएससी की परीक्षा देने मां भगवती महा विद्यालय सिकंदरपुर गई थी। परीक्षा देने के बाद घर जाने के लिये वाहन की तलाश कर रही थी। इसी दौरान तेज रफ्तार ट्रक ने उसे टक्कर मारदी। इससे वह गंभीर रुप से घायल हो गई। दुर्घटना को देख लोगों ने ट्रक को चालक समेत पकड़ लिया। इस के बाद उसे चौकी पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया।

### दरवाजे पर खड़ी बाइक हुई चोरी

**छिबरामऊ।** नगर के आवास विकास कॉलोनी स्थित मदरसा दारुल उलूम गौसिया के सामने निवासी अमजद खां पुत्र जैनुद्दीन ने बताया कि रविवार की रात 9 :30 बजे उन्होंने अपनी बाइक अपने घर के सामने पार्क की थी । जब बाइक को घर के अंदर करने के लिए बाहर निकले तो गायब थी। उन्होंने पुलिस से शिकायत कर चोरों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने और त्वरित कार्रवाई की मांग की है।

### बोर्ड बैठक में 14 प्रस्ताव पर लगी मोहर

**गुरसहायगंज।** टाउन एरिया समधन में हुई बोर्ड की बैठक में क्षेत्र के विकास संबंधी 14 प्रस्ताव रखे गए। इन्हें सर्वसम्मति से पास कर दिया गया। सोमवार को टाउन एरिया समधन के सभागार में विधायक अर्चना पांडे की अध्यक्षता में बोर्ड की बैठक हुई। इसमें समधन क्षेत्र के विकास को लेकर वित्तीय वर्ष 2026– 27 में होने वाले कार्य पर चर्चा हुई। गर्मी के मौसम में लोगों को ठंडा पानी उपलब्ध हो इसके लिए नगर में वाटर कूलर लगाए जाने, जल निगम द्वारा डाले गए पाइपलाइन के बाद क्षतिग्रस्त पड़ी सड़कों की मरम्मत किए जाने, सफाई व्यवस्था और इसके उपकरण व चूना को खरीदने, संचारी रोग पर रोकथाम के लिए एंटी लार्वा दवा की खरीद इसके अलावा स्ट्रीट लाइट खरीदने सहित 14 प्रस्तावों पर चर्चा हुई जिन्हें पास कर दिया गया।

### भाउलपुर हादसे के मृतकों को दी श्रद्धांजलि

**छिबरामऊ।** पुरानी गुड़ मंडी में हुई शोक सभा में तालग्राम रोड पर भाउलपुर में कोयला लदे ट्रक के पलटने से हुए हादसे में मृतक कन्हैया लाल गुप्ता और 14 वर्षीय छात्रा अंशिका को 2 मिनट मौन रहकर भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता लालू, किराना एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, चंद्रभान गुप्ता मुन्ना, नरेश गुप्ता गोल्डी, प्रभाकर गुप्ता, प्रियांशु गुप्ता, गुड्डू गुप्ता, नसीम विनीत शिवम, रामू गुप्ता व राजीव आदि रहे।

## हाईटेंशन लाइन के करंट से हुई मजदूर की मौत, मचा कोहराम

### लिंटर डालने को जाल तैयार करते समय सरिया एचटी लाइन में छूने से हुई घटना

हादसा

संवाददाता सौरिख

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र में निर्माण कार्य के दौरान लापरवाही एक मजदूर की जान पर भारी पड़ गई। लिंटर के लिए जाल तैयार करते समय ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइन से सरिया टकरा गया। इससे उसमें करंट आ गया जिसकी चपेट में आकर एक मजदूर की मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया।

गांव ऊलर निवासी दिनेश (33) पुत्र वीरपाल कायमपुर गांव स्थित भट्टा पूरी रोड पर डॉ. अमित वर्मा के निर्माणाधीन मकान में मजदूरी कर रहा था। मंगलवार को वह साथियों के साथ लिंटर के लिए सरिया बांध रहा था, तभी सरिया ऊपर से निकली हाईटेंशन लाइन से छू गया। इससे हाईटेंशन करंट की चपेट में आने से दिनेश गंभीर रूप से झुलस गया। वहीं छिबरामऊ क्षेत्र के गांव बटेला निवासी संजीव जाटव भी चपेट में आकर दूर जा गिरा।

हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस से दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने दिनेश को मृत घोषित कर दिया, जबकि संजीव का इलाज जारी है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों ने बिना सूचना शव भेजने का आरोप लगाते हुए थाने में हंगामा किया। प्रभारी निरीक्षक जयंती गंगवार के समझाने पर मामला शांत हुआ। मृतक के चाचा महेंद्र की तहरीर पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। मृतक के परिवार में पत्नी सीमा समेत बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है।


घटना के बाद रोते परिजनों को संभालती पुलिस। अमृत विचार


एचटी लाइन जिससे सरिया छू जाने से हुआ हादसा।

## कानपुर जाते समय हादसे में फार्मासिस्ट की हुई मौत

**सौरिख।** बाइक से कानपुर जाते समय उत्तरीपुरा के पास बाइक डिवाइडर से टकरा गई जिससे सौरिख निवासी फार्मासिस्ट युवक की मौत हो गई। सोमवार दोपहर शव के घर पहुंचते ही कोहराम मच गया। कस्बा निवासी ऋषभ पुत्र प्रदीप कुमार गुप्ता (28) रविवार सुबह अपनी मोटरसाइकिल से कानपुर के लिए निकला था। जैसे ही उसकी बाइक कानपुर नगर के उत्तरीपुरा के पास पहुंची अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में ऋषभ की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। सूचना मिलते ही परिवार के लोग कानपुर पहुंच गए सोमवार को पोस्टमार्टम के बाद शव लेकर घर पहुंचे तो परिवार के लोगों में कोहराम मच गया। वह पेशे से फार्मासिस्ट था और मकान में भी क्लीनिक चलाता था।


ऋषभ।

## शिकायतों के निस्तारण में हीलाहवाली पर चेतावनी

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

- आईजीआरएस पोर्टल के मामलों में समयबद्ध निपटारा न होने पर जिलाधिकारी ने जताई नाराजगी

**अमृत विचार।** आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण में शिथिलता पाए जाने पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की है। उन्होंने इस मामले में जिला विद्यालय निरीक्षक तथा मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को चेतावनी पत्र जारी किया है।

सोमवार को संबंधित पोर्टल की समीक्षा में जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने पाया कि जिला विद्यालय निरीक्षक पप्पू सरोज द्वारा आईजीआरएस शिकायतों के निस्तारण में समयसीमा का पालन नहीं किया जा रहा है। गुणवत्तापूर्ण आख्या भी समय से अपलोड नहीं की जा रही है। इस संबंध में दूरभाष, व्हाट्सएप समूह एवं पत्राचार के माध्यम से कई बार निर्देशित किए जाने के बावजूद सुधार न होने पर, अप्रैल के प्रारंभ में डिफॉल्टर श्रेणी में आ गए। इस पर जिलाधिकारी ने चेतावनी पत्र जारी किया है। उन्होंने निर्देशित किया गया है कि सभी शिकायतों का निस्तारण निर्धारित समयावधि में, तथ्यपरक एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से सुनिश्चित किया जाए। इसी क्रम में मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. शार्दूल द्वारा भी आईजीआरएस संदर्भों के निस्तारण में लापरवाही पाई। अंतिम दिवस तक शिकायतों का निपटारा नहीं किया। यह भी पाया गया कि कुछ शिकायतों का निस्तारण बिना समुचित जांच एवं स्थलीय निरीक्षण के किया जा रहा है, जिस पर मुख्यमंत्री कार्यालय स्तर से भी असंतोष व्यक्त किया गया है। जिलाधिकारी ने मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को चेतावनी पत्र जारी करते हुए निर्देशित किया है कि प्रत्येक शिकायत के निस्तारण से पूर्व अनिवार्य रूप से स्थलीय निरीक्षण किया जाए।

## बच्चों को डीपीटी, किशोरों को टीडी वैक्सीन की बूस्टर डोज

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

**अमृत विचार।** विद्यालय आधारित टीकाकरण (टीडी/डीपीटी) एवं एचपीवी टीकाकरण अभियान को लेकर कलक्ट्रेट में बैठक आयोजित की गई। इसमें बताया गया कि जनपद के समस्त शासकीय एवं निजी विद्यालयों में अध्ययनरत 05 वर्ष आयु के बच्चों को डीपीटी बूस्टर, तथा 10 -16 वर्ष आयु के बच्चों को टीडी वैक्सीन की बूस्टर डोज दिया जाएगा।

जिलाधिकारी आशुतोष मोहन की अध्यक्षता में हुई बैठक में कहा गया कि यह विशेष टीकाकरण अभियान 20 से 30 अप्रैल तक संचालित होगा। इसका उद्देश्य बच्चों को डिप्थीरिया जैसी गंभीर एवं जानलेवा बीमारी से सुरक्षित करना है। इसके अलावा 14 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुकी सभी बालिकाओं को गर्भाशय मुख (सर्वाइकल) कैंसर से बचाव हेतु एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) वैक्सीन जनपद के समस्त 08 विकास खण्डों के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर निःशुल्क उपलब्ध कराई जा रही है। जिलाधिकारी ने सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों के अधीक्षकों को निर्देशित किया कि इस अभियान को पूर्ण संवेदनशीलता एवं गंभीरता के साथ संचालित किया जाए। जिला विद्यालय निरीक्षक/बेसिक शिक्षा अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग (डीपीओ, आईसीडीएस), जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी सहित सभी संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित कर अभियान को शत-प्रतिशत सफल बनाने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. स्वदेश गुप्ता, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. के.पी. त्रिपाठी, जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. जितेन्द्र कुमार, उप मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. बृजेश कुमार शुक्ला सहित संबंधित चिकित्साधिकारी उपस्थित रहे।


कलक्ट्रेट में बैठक लेते डीएम व सीएमओ।

## 21 घंटे के बाद काली नदी में कूदे किशोर का शव बरामद

संवाददाता,छिबरामऊ

**अमृत विचार।** छिबरामऊ कोतवाली क्षेत्र के सरायदायमगंज निवासी किशोर का शव सोमवार दोपहर काली नदी से बरामद कर लिया गया। वह 11 अप्रैल की शाम पिता की डांट से नाराज होकर घर से निकला था और काली नदी में कूद गया था। 11वीं का छात्र शिव (16) घर से निकला और लापता हो गया था। काली नदी के पुल पर उसकी चप्पलें और खून के धब्बे मिलने के बाद पुलिस ने तलाश शुरू की। स्थानीय गोताखोरों की विफलता के बाद लखनऊ से एसडीआरएफ की 15 सदस्यीय टीम बुलाई गई। अंकित विश्वकर्मा के नेतृत्व में टीम ने सोमवार सुबह 10 बजे सर्च ऑपरेशन शुरू किया। करीब साढ़े तीन घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद, दोपहर 1:30 बजे घटनास्थल से करीब 7 किलोमीटर दूर राजा नगला के पास से शव बरामद हुआ।

बताया गया कि घटना के समय पास ही जानवर चरा रहे एक युवक ने शिव के डूबने और उसके बचाने की गुहार का वीडियो बना लिया था, जिसमें वह बचाने की गुहार लगा रहा था। तैरना न आने के कारण कोई उसे बचाने की हिम्मत नहीं जुटा सका। छिबरामऊ पुलिस और एसडीआरएफ ने कुल 21 घंटे तक संयुक्त रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया।


शिव राजपूत।

## गुरसहायगंज में मंदिर का रास्ता बंद करने पर महिलाओं ने काटा हंगामा

संवाददाता गुरसहायगंज

**अमृत विचार।** स्थानीय विद्युत उपकेंद्र स्थित ऐतिहासिक श्री गंगेश्वर नाथ मंदिर का रास्ता बंद किए जाने की सूचना पर तमाम महिलाएं एकत्र हो गईं और जमकर हंगामा कांटा।

स्थानीय विद्युत उपकेंद्र के परिसर को सुरक्षित करने के उद्देश्य से विभाग के अधिकारियों के आदेश पर चारों तरफ बाउंड्रीवाल का निर्माण किया जा रहा है। कुछ दिन पहले एक विद्यालय और एक नर्सिंग होम के सामने दीवार खड़ी करके उसका रास्ता बंद कर दिया गया था। इसके बाद कई अन्य रास्ते भी बंद कर दिए गए। सोमवार को एसडीओ सिविल संदीप साहू और जेई सिविल सत्येंद्र पाल सिंह की देखरेख में उपकेंद्र स्थित ऐतिहासिक श्री गंगेश्वर नाथ जाने वाले मंदिर का रास्ता दीवार खड़ी कर बंद किया जा रहा था। जानकारी मिलते ही मोहल्ले की दर्जनों महिलाएं और पुरुष वहां पहुंच गए और उन्होंने इसका विरोध करते हुए जमकर हंगामा काटा। महिलाओं का कहना है कि मंदिर जाने का रास्ता किसी भी कीमत पर बंद नहीं करने दिया जाएगा। मंदिर में नित्य प्रति पूजा करने लोग जाते हैं। मामला बढ़ता देख एसडीओ ने यूपी 112 पुलिस को सूचना दी। पहुंचे पुलिसकर्मियों ने लोगों से बातचीत की लेकिन मामला न बनने पर उन्होंने अधिकारियों को सूचना दी जिस पर अधिकारियों ने अग्रिम आदेश तक के लिए काम बंद करने की आदेश दिए। लोगों का आरोप है कि बिजली घर की जगह पर अवैध कब्जा है, उसे नहीं हटाया गया जबकि कई दशक पुराना मंदिर जाने वाला रास्ता बंद किया जा रहा है। इसे किसी भी कीमत पर बंद नहीं करने दिया जाएगा। एसडीओ ने बताया कि विभाग अपनी जमीन को सुरक्षित करने के लिए बाउंड्री बना रहा है। कुछ लोग विरोध कर रहे हैं इसकी सूचना अधिकारियों को दे दी जाएगी।


एसडीओ से नोकझोंक करते लोग । अमृत विचार

सख्ती

जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट के गांधी सभागार में हुई जिला उद्योग बंधु की बैठक

## अनाधिकृत चालान पर बांट माप निरीक्षक से स्पष्टीकरण

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

**अमृत विचार।** उद्योग बंधु की बैठक में व्यापारियों ने छिबरामऊ सहित विभिन्न क्षेत्रों में बांट-माप निरीक्षक द्वारा अनाधिकृत चालान किए जाने का मुद्दा उठाया। इस पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित निरीक्षक से स्पष्टीकरण मांगा तथा अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) को बाट-माप कार्यालय का निरीक्षण कर जांच करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट के गांधी सभागार में हुई जिला उद्योग बंधु की बैठक में व्यापारियों ने दुकानों पर अनाधिकृत व्यक्तियों द्वारा बीज के नमूने एकत्रित किए जाने की शिकायत की। इस पर जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि शासन द्वारा केवल जिला कृषि अधिकारी एवं अपर जिला कृषि अधिकारी को ही बीज गुणवत्ता नियंत्रण हेतु नमूने एकत्रित करने के लिए अधिकृत किया गया है। निर्देश दिए कि किसी भी अनधिकृत कार्रवाई को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। नगर पालिका गुरसहायगंज में स्थापित एसटीपी (सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट) के संचालन न होने की शिकायत पर निर्देश दिए कि यदि संचालन नहीं हो रहा है, तो संबंधित फर्म के विरुद्ध ब्लैकलिस्ट की कार्रवाई की जाए।

जिलाधिकारी ने कहा कि उद्यमियों की समस्याओं का निराकरण सर्वोच्च प्राथमिकता पर किया जाए तथा व्यापारियों को अनावश्यक रूप से परेशान न किया जाए। व्यापारियों से अपील की कि इत्र पार्क में शेष उपलब्ध प्लॉट्स के आवंटन हेतु निवेश मित्र पोर्टल के माध्यम से शीघ्र आवेदन करें। आश्वस्त किया कि उद्योगों से संबंधित समस्याओं के समाधान हेतु जिला प्रशासन पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

उन्होंने "प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना" को सरकार की महत्वाकांक्षी योजना बताते हुए कहा कि इसके अंतर्गत असंगठित क्षेत्र के कामगारों—जैसे निर्माण श्रमिक, घरेलू कामगार, कृषि श्रमिक, मनरेगा श्रमिक, स्वयं सहायता समूह के सदस्य, रसोइया आदि का पंजीकरण किया जा रहा है। योजना के तहत 18 से 40 वर्ष आयु वर्ग के ऐसे श्रमिक, जिनकी मासिक आय 15,000 रुपये तक है तथा जो ईपीएफओ, ईएसआईसी या एनपीएस के सदस्य नहीं हैं, पात्र हैं। इसके लिए कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में विशेष शिविर आयोजित किया जा रहा है। बैठक में पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार, अपर जिलाधिकारी (वि/रा) देवेंद्र सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक अजय कुमार, उपायुक्त उद्योग प्रेमचन्द्र, एलडीएम, समाज कल्याण मंत्री के प्रतिनिधि आर.एस. कठेरिया, अतर एसोसिएशन के अध्यक्ष पवन त्रिवेदी, भारतीय उद्योग व्यापार मंडल कन्नौज के जिलाध्यक्ष राज शर्मा सहित अनेक व्यापारी उपस्थित रहे।


कलेक्ट्रेट सभागार में उद्योग बंधु की बैठक लेते जिलाधिकारी व मौजूद अधिकारी तथा व्यापारी।

## कामर्शियल कनेक्शन में भर दी अधिक रीडिंग

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

- घरेलू कनेक्शन का हाल खराब, बिल जमा करने के बाद भी कट गया कनेक्शन

**अमृत विचार।** नौ माह से स्मार्टमीटर की समस्या को लेकर उपभोक्ता भटक रहा है। कामर्शियल कनेक्शन के मीटर में अधिक रीडिंग भर दी गई जिसका बिल तीन लाख से अधिक आ गया।

शहर के मोहल्ला अशोक नगर निवासी दीपू श्रीवास्तव ने बताया कि उसके दो बिजली कनेक्शन, एक कामर्शियल व दूसरा घरेलू है। दोनों में स्मार्टमीटर लगे हैं। नौ माह पहले मीटर रीडर ने रीडिंग निकालने के दौरान उसके कार्मशियल कनेक्शन जो मैकूलाल पुत्र फकीरेलाल के नाम है में अधिक रीडिंग भर दी। इससे एक साथ 03 लाख रुपये का बिल आ गया जबकि इस कनेक्शन पर पूरा बिल जमा था। मीटर रीडर ने यह बात स्वीकार भी की। इसके बाद वह रीडिंग सही कराने के लिये विभाग के अधिकारियों के चक्कर काटने लगा। कभी एसडीओ तो कभी एक्सईएन विद्युत के पास गये पर अधिकारी टरकाते रहे। नौ माह बीत गये। कनेक्शन कट जाने के बाद भी बिल लगातार बढ रहा है। विभाग के अधिकारियो ने उपभोक्ता को मीटर लगाने वाली कंपनी वीनस के अधिकारियों के पास भेजा। वह पूरे दिन कंपनी के कार्यालय में रहा पर कोई समाधान नहीं निकला। अब दूसरी समस्या उत्पन्न हो गई है। दिलीप कुमार पुत्र झब्बू लाल के नाम से घरेलू कनेक्शन में भी 18000 रुपये बकाया दिखा कर बत्ती काट दी गई।

न्यूज ब्रीफ

### नलकूप कोठरी में करंट लगने से युवक की मौत, कोहराम

**गुरसहायगंज।** खेत में पानी लगाकर नलकूप की कोठरी में साइफन रखने गए युवा किसान की करंट लगने से मृत्यु हो गई। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम गौरियापुर निवासी शीशपाल कुशवाह का पुत्र गोविंद कुशवाहा (24) खेती करता था। सोमवार को उसने खेत में पानी लगाया और फैले साइफन (रबड़ का पाइप) को लपेटकर नलकूप की कोठरी में रखने गया था। इस दौरान वहां पर खुले पड़े बिजली के तार की चपेट में आ गया। जोरदार करंट लगा जिससे वह झुलस कर गिर गया। शोर सुनकर आसपास खेत में काम कर रहे लोग पहुंचे और उसे सीएचसी लाए जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया।

### शराबी ने बीच सड़क पर काटा हंगामा

**गुरसहायगंज।** शराबी ने बीच सड़क पर जमकर हंगामा काटा। अधिक नशा होने पर सड़क पर बेहोश होकर गिर गया। काफी देर तक पड़ा रहा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे किनारे किया। रविवार की देर रात एक व्यक्ति ने जमकर शराब पी और फिर स्थानीय तिराहा पर पहुंच कर हंगामा काटा। तमाम लोग तमाशबीन रहे। इसके बाद बेहोश होकर सड़क के बीच गिर पड़ा। लोगों ने उठाने का प्रयास किया लेकिन वह नहीं उठा। आसपास से वाहन गुजरते रहे। लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे सड़क से हटा कर किनारे कर दिया।

### घर के अंदर पशु वध करने पर एक गिरफ्तार

**गुरसहायगंज।** घनी बस्ती के बीच मकान के अंदर अवैध रूप से पशु का वध करने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया है। कस्बा के मोहल्ला दिलशाद नगर निवासी शोएब कुरैशी और इरशाद कुरैशी घनी बस्ती के बीच अपने मकान में अवैध रूप से पशु का वध कर रहा था। इसका किसी ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। इसका संज्ञान लेते हुए कस्बा चौकी प्रभारी दीपक कुमार चौधरी ने पुलिस बल के साथ शोएब के घर छापा मारा और उसे गिरफ्तार कर लिया, जबकि इरशाद फरार हो गया। पुलिस ने उसके खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

### खो-खो के दोनों वर्गों में कंप्यूटर साइंस के छात्र प्रथम

**तिर्वा।** राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, कन्नौज में आयोजित वार्षिक खेल महोत्सव उत्क्रीड़ा 2026 का अंतिम दिन उत्साह, ऊर्जा और खेल भावना से भरपूर रहा। विभिन्न प्रतियोगिताओं के फाइनल मुकाबलों ने दर्शकों को रोमांचित कर दिया। खो-खो प्रतियोगिता में छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। बालक वर्ग में कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग (सीएसई) के छात्रों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग टीम उपविजेता रही। बालिका वर्ग में भी सीएसइ की टीम प्रथम रही।कैरम प्रतियोगिता में बालक वर्ग में इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विजेता रही।एथलेटिक्स में 100 मीटर और 200 मीटर दौड़ में सीएसई के खिलाड़ियों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। दोनों स्पर्धाओं में ई एल टीम उपविजेता रही। 1600 मीटर दौड़ में इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग (ईई) ने पहला स्थान हासिल किया, इसके बाद सी एस ई दूसरे और सिविल इंजीनियरिंग के छात्र तीसरे स्थान पर रहे।

# युवक की मौत के मामले में 13 पर हत्या का मुकदमा दर्ज

## उलियापुर में रविवार को दो पक्षों के बीच हुई जमकर मारपीट

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** नगर में खूनी संघर्ष में हुई युवक की मौत के मामले में सोमवार को तनाव की स्थिति रही। आक्रोशित लोगों ने शाम तक शव नहीं उठने दिया।

आपको बता दें कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के गांव उलियापुर में मामूली विवाद ने रविवार को दो पक्षों के बीच हुई मारपीट में युवक बांकेलाल की लोहिया अस्पताल लाते समय मौत हो गयी थी। उसके बाद परिजनों की पुलिस से अस्पताल में कहासुनी हुई और तनाव की स्थिति बनी रही। उलियापुर गांव तथा क्षेत्र में पुलिस शांति व्यवस्था बहाल करने के लिए पुलिस तैनात रही। सोमवार को आक्रोश और बढ़ गया और परिजनों व आक्रोशित लोगों ने मृतक बांकेलाल का शव नहीं उठने दिया। दोपहर अपर पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने परिजनों को समझाया। परिजनों ने एएसपी को शव का दाह संस्कार करने का आश्वासन दिया, लेकिन एएसपी के जाते ही मामला फिर गरमा गया और परिजनों ने शव नहीं उठने दिया। शाम को कोतवाली प्रभारी ने कहा कि मृतक के भाई की तहरीर पर सात सगे भाइयों समेत कुल 13 लोगों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आरोपितों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। कोतवाल ने कहा कि फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं, जल्द उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा। जिसके बाद परिजन मान गये और शव का अंतिम संस्कार के लिए ले गये।



मृतक के परिजनों से वार्ता करते अपर पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह।

### घुमना चौकी प्रभारी हुए लाइन हाजिर

**फर्रुखाबाद।** पुलिस कप्तान आरती सिंह ने कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से रविवार देर रात्रि उपनिरीक्षकों की तैनाती में फेरबदल किया है। इस क्रम में शहर कोतवाली क्षेत्र की घुमना चौकी के प्रभारी को लाइन हाजिर कर दिया गया है।

एसपी के आदेशानुसार, राजेपुर थाने में तैनात उपनिरीक्षक अमित कुमार को कादरी गेट थाना भेजा गया है। इसी प्रकार, मोहम्मदाबाद कोतवाली में कार्यरत उपनिरीक्षक अरविंद अवस्थी को राजेपुर थाना स्थानांतरित किया गया है, जबकि कायमगंज कोतवाली के उपनिरीक्षक सुरजीत सिंह को कमालगंज थाना भेजा गया है। कायमगंज कोतवाली क्षेत्र की मंडी चौकी के प्रभारी बलबीर सिंह को मॉनिटरिंग सेल का प्रभारी बनाया गया है। गौरतलब है कि रविवार को एक युवक की मौत के बाद उसके परिजनों ने बलबीर सिंह पर लापरवाही के आरोप भी लगाए थे। इसके अतिरिक्त, शहर कोतवाली क्षेत्र की घुमना चौकी के प्रभारी अमित कुमार गुप्ता को लाइन हाजिर किया गया है।

# विदाई समारोह में छलका अपनापन मिस- मिस्टर फेयरवेल का चयन

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** मेजर एसडी सिंह विश्वविद्यालय की फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग में सोमवार को बीसीए, बीबीए व एमबीए के अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जूनियर छात्र-छात्राओं द्वारा सीनियर्स के सम्मान में आयोजित फेयरवेल पार्टी में भावनाओं और उल्लास का अनूठा संगम देखने को मिला। इस अवसर पर पाल प्रगति प्रदीप को मिस फेयरवेल तथा अनिकेत को मिस्टर फेयरवेल चुना गया।

इंजीनियरिंग संकाय के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में जूनियर्स ने अपने सीनियर्स के साथ बिताए पलों को याद करते हुए भावुक क्षण साझा किए। कहीं आंखें नम हुईं तो कहीं हंसी-ठिठोली के बीच माहौल खुशनुमा बना रहा। कार्यक्रम को यादगार बनाने के लिए छात्रों ने गीत, कविता, शायरी और नृत्य की शानदार प्रस्तुतियां दीं। इस दौरान जूनियर छात्रों ने विशेष रूप से केक मंगवाया, जिसे सीनियर्स ने मिलकर काटा और एक-दूसरे को खिलाकर इस पल को और भी यादगार बना दिया। प्रिया देवी, उमरा और निशा के नृत्य ने दर्शकों का मन मोह लिया, वहीं उजाला व पंखुड़ी ने मधुर गीतों के माध्यम से सीनियर्स के प्रति सम्मान व्यक्त किया। गुलफाम अली, आयुष, फैजान और इस अवसर पर संकाय के डीन प्रो डॉ निखिल श्रीवास्तव ने अपने संबोधन में कहा कि विदाई केवल एक औपचारिकता नहीं, बल्कि नए जीवन की शुरुआत का संकेत है। उन्होंने विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि कठिन परिश्रम, अनुशासन और सकारात्मक सोच ही सफलता की कुंजी है। कार्यक्रम के अंत में डीन डॉ निखिल श्रीवास्तव व श्वेता श्रीवास्तव ने मिस फेयरवेल पाल प्रगति प्रदीप एवं मिस्टर फेयरवेल अनिकेत को ताज पहनाकर सम्मानित किया। इस दौरान अंकित सैमसन लाल, दीपेंद्र सिंह, विशाल सिंह आदि लोग मौजूद रहे।



मिस फेयरवेल व मिस्टर फेयरवेल को पुरस्कृत करते प्राध्यापकगण। अमृत विचार

# परिवार को मिली दो लाख रुपये की आर्थिक सहायता

संवाददाता अमृतपुर

**अमृत विचार।** राजेपुर राठौरी निवासी ध्यान सिंह की पत्नी संध्या की 7 सितंबर 2024 को सर्पदंश के । अचानक हुई इस घटना से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। इसी बीच एक राहत भरी खबर सामने आई। संध्या का खाता अमृतपुर शाखा भारतीय स्टेट बैंक में था, जिसमें प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत मात्र 436 रुपये वार्षिक प्रीमियम पर बीमा चल रहा था । जिसकी जानकारी परिजनों को नहीं थी। बैंक कर्मचारियों ने पहल करते हुए उन्हें योजना के बारे में अवगत कराया और क्लेम की पूरी प्रक्रिया में मदद की। ब्रांच मैनेजर विनोद कुमार सिंह ने बताया कि संध्या की मृत्यु के बाद नियमानुसार क्लेम प्रक्रिया पूरी कराई गई, जिसके तहत 2 लाख रुपये की बीमा राशि शुक्रवार को नामिनी पति ध्यान सिंह के खाते में भेज दी गई।इस कार्य में कैश ऑफिसर जितेंद्र सिंह राठौर, देवांश ग्राहक मित्र, ऋषभ उपाध्याय, अमित मिश्रा, सुखेंद्र सिंह, बीपी सिंह और अर्पित सिंह सहित अन्य बैंक कर्मचारियों ने सराहनीय सहयोग किया। परिवार ने बैंक कर्मचारियों का आभार जताया।



मदद की चेक सौंपते अधिकारी।

# अब भईयन मिश्रा का स्मार्ट मीटर के खिलाफ हल्ला बोल, बुलाई बैठक

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** जनहित के मुद्दों के लिए संघर्ष करने वाले फर्रुखाबाद विकास मंच के अध्यक्ष भईयन मिश्रा ने अब स्मार्ट मीटर के खिलाफ हल्ला बोल दिया। विद्युत निगम द्वारा लगाए जा रहे स्मार्ट मीटरों के विरोध में पटेल पार्क में बड़ी संख्या में लोग एकत्र हुए।

भईयन मिश्रा ने कहा कि स्मार्ट मीटर ठीक से काम नहीं कर रहे हैं। उनके अनुसार, बिल कभी अधिक आता है तो कभी कम। यहां तक कि पैसे जमा होने के बावजूद भी बिजली काट दी जाती है, जिससे उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। श्री मिश्रा ने बताया कि वर्तमान में स्मार्ट मीटर जबरदस्ती लगाए जा रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि सरकार की गाइडलाइन और कोर्ट के आदेश के अनुसार, मीटर केवल स्वेच्छा से लगाने वालों के यहां ही लगाए जाने चाहिए। ठेकेदार पुलिस प्रशासन के साथ मिलकर जबरन मीटर लगा रहे हैं। उपभोक्ताओं ने रिचार्ज के बाद भी बिल में गड़बड़ी की शिकायत की। उनका कहना है कि कभी एक दिन का खर्च 24 रुपये दिखता है, तो तीन-चार दिन बाद अचानक 150 से 200 रुपये का बिल आ जाता है। यह एक बड़ी अनियमितता है। बैठक में आगे की रणनीति पर विचार किया गया। इस दौरान महेश अग्निहोत्री, कोमल पांडेय, जितेंद्र, प्रशांत सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे।



पटेल पार्क में आयोजित बैठक में मौजूद भईयन मिश्रा व अन्य लोग। अमृत विचार

# रोग मुक्त भारत का संदेश घर-घर तक पहुंचाने का दिलाया संकल्प

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** नगर के पटेल पार्क में महिला पतंजलि योग समिति के तत्वावधान में हरिद्वार योगपीठ के स्वामी रामदेव महाराज के दो सशक्त स्तम्भ केंद्र प्रभारी दीदी साध्वी देवदीतिजी एवं राज्य प्रभारी दीदी सीमा जौहरीजी के पावन आगमन पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

महिला पतंजलि योग समिति की जिला प्रभारी श्रीमती पूनम मौर्या के नेतृत्व में कार्यक्रम बहुत ही सुचारू रूप से सम्पन्न हुआकार्यक्रम का संचालन शिल्पी रस्तोगी ने किया।कार्यक्रम का शुभारंभ ऊँ नातोस्तुभ्य गुरुवे नमः के उद्घोष के साथ हुआ। समिति की बहनों ने दोनों दीदियों का पुष्प-गुच्छ व शॉल ओढ़ाकर आत्मीय स्वागत किया।इस अवसर पर योगगुरु राकेश द्विवेदी, गुरुमाता श्रीमती अनीता द्विवेदी, श्रीमती चित्रा अग्निहोत्री, प्रभारी बहन श्रीमती स्नेहलता यादव , साध्वी बहन, योगगुरु मुन्नालाल यादव एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के भाईयों की गरिमामयी उपस्थिति रही। दीदी साध्वी देवदीति ने अपने उद्बोधन में पूज्य स्वामी रामदेवजी महाराज के 'रोगमुक्त भारत' के संकल्प को घर-घर तक पहुंचाने का आह्वान किया।



केंद्र प्रभारी साध्वी देवदिती एवं प्रदेश दीदी सीमा जौहरी का स्वागत करतीं महिला पतंजलि समिति की बहनें। अमृत विचार

# मान्यता मिली नहीं और जिले में शुरू हो गए नामीगिरामी स्कूल

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- जिले में बच्चों के भविष्य से हो रहा खिलवाड़, चुप्पी साधे जिम्मेदार
- विभाग ने चिट्ठी जारी कर की रस्म अदायगी

**अमृत विचार।** जनपद में बिना मान्यता के कई स्कूल संचालित हैं। अब इसमें नामीगिरामी विद्यालय भी शामिल हो गए हैं जिनका अब तक यू-डाइस कोड भी जारी नहीं हुआ है। बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। शिक्षा के नाम पर अवैध ढंग से व्यापार किया जा रहा है। सभी जिम्मेदार इसमें चुप्पी साधे हैं।

हर साल शिक्षा विभाग मान्यता को लेकर महज चिट्ठी जारी कर रस्म अदायगी करता है। कारण कुछ भी हों लेकिन शिक्षा माफियाओं पर कार्रवाई करने में अधिकारियों के हाथ कांपते हैं। जिले में ऐसे कई विद्यालय भी वर्षों से संचालित हो रहे हैं जहां सीबीएसई या अंग्रेजी माध्यम तक की पढ़ाई हो रही है लेकिन उनकी मान्यता नहीं है। आरटीई पोर्टल पर भी उनका जिक्र नहीं है पर बेखौफ होकर स्कूल संचालित हैं। इससे अधिकारियों की कार्यशैली पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं कि आखिर यह शिक्षण संस्थाएं किसके कहने पर फलफूल रहीं हैं? ऐसा भी नहीं है कि संबंधित अधिकारियों के पास इसकी जानकारी नहीं है। शहर के तिर्वा-कन्नौज मार्ग स्थित डीआईओएस कार्यालय के निकट एक नामीगिरामी स्कूल कई सालों से संचालित है। यहां तत्कालीन डीआईओएस पूरन सिंह ने छापेमारी कर कक्षा 08 तक बिना मान्यता के पढ़ाई का प्रकरण पकड़ा था लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। निजी प्रकाशकों की किताबें भी यहां मिली थीं। वर्तमान में तिर्वा तहसील क्षेत्र में भी दो-तीन नामीगिरामी स्कूल खुल गए हैं। इंदरगढ़ तिराहा के निकट व बेला मार्ग पर यह स्कूल संचालित हो रहे हैं। यहां प्रवेश प्रक्रिया जोरों से चल रही है। कहीं-कहीं पढ़ाई भी शुरू हो गई है पर अधिकारी जान बूझकर अनजान बने हैं। कई ऐसे भी स्कूल हैं जिनकी मान्यता कम कक्षाओं की है लेकिन कक्षाएं उससे अधिक चल रहीं हैं। बीएसए संदीप कुमार ने बताया कि तिर्वा क्षेत्र के एक विद्यालय की मान्यता की फाइल आई है। बाकी के बारे में पता किया जाएगा। संबंधित बीईओ की जिम्मेदारी होती है कि वह बिना मान्यता के स्कूलों पर कार्रवाई कराएं। दूसरी ओर जिला विद्यालय निरीक्षक पप्पू सरोज ने मान्यता व निजी कोचिंग को लेकर पत्र जारी किया है।

### विवाहिता और पिता के साथ की मारपीट

**छिबरामऊ।** विवाहिता के साथ ससुराल पक्ष द्वारा की गई मारपीट की जानकारी पर पहुंचे उसके पिता के साथ भी मारपीट की गई। पैसे व बाइक छीनने का भी आरोप है।

गुरसहायगंज थाना क्षेत्र के ग्राम पनगमा निवासी किरन ने बताया कि उनके पिता हरिश्चंद्र पुत्र होरीलाल ने 2021 में उनकी शादी विशुनगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम दीनपुर नगरिया निवासी सुरजीत के साथ की थी। विवाहिता का आरोप है कि ससुराली आए दिन उसके साथ मारपीट व गालीगलौज किया करते थे। 7 अप्रैल को सभी ने एक राय होकर गालीगलौज करते हुए मारपीट कर दी। इसकी जानकारी पाकर पहुंचे पिता हरिश्चंद्र के साथ भी सभी ने गाली गलौज करते हुए मारपीट की तथा जेब में रखे 11 हजार रुपये और बाइक छीन ली। थानाध्यक्ष भागमल सिंह ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस छानबीन कर रही है।

### पुलिस ने लापता 16 वर्षीय किशोरी को नोएडा से किया बरामद

**फर्रुखाबाद।** राजेपुर थाना क्षेत्र के एक गांव से दो माह पहले लापता हुई 16 वर्षीय युवती को पुलिस ने शनिवार को नोएडा से बरामद कर लिया है। युवती अपने प्रेमी युवक के साथ चली गई थी। पुलिस ने मामले की जांच शुरू की और मोबाइल को सर्विलांस पर लगाकर कॉल डिटेल के आधार पर छानबीन की। जांच के दौरान पुलिस को युवती की लोकेशन नोएडा में मिली। पुलिस ने वहां दबिश देकर युवती को बरामद कर लिया। रविवार को पुलिस युवक और युवती को राजेपुर थाना ले आई।






निकलेगी शोभायात्रा | जिला मुख्यालय, गुरसहायगंज व तिर्वा कस्बों में एसपी के निर्देश पर रूट बदला गया है जो 14 अप्रैल को दिन भर रहेगा

# आंबेडकर जयंती पर आज जिले भर में बदले रहेंगे रास्ते

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

**अमृत विचार।** डाक्टर भीमराव आंबेड़कर जयंती पर जिले में निकलने वाली शोभा यात्रा को लेकर जिले भर में आज तमाम रास्ते बदले रहेंगे।

थाना कोतवाली कन्नौज में शोभायात्रा मोहल्ला काजी टोला अंबेडकर प्रतिमा से 03 बजे से प्रारम्भ होकर ग्वाल मैदान, रामनरायण चौराहा से फर्श रोड, लाखन तिराहे से होते हुए मकरंदनगर से तिर्वा क्रॉसिंग होकर वापस काजी टोला पहुंचेगी। उक्त शोभायात्रा के चलते रूट डायवर्जन किया गया है। पुलिस लाइन मोड से थाना कोतवाली कन्नौज की तरफ जाने वाले वाहनों को लल्लनमिया मस्जिद से शेखपुरा फूलमती मंदिर की तरफ डायवर्ट किया जायेगा। लाखन तिराहे से नगर पालिका की तरफ जाने वाले वाहनों को मकरंदनगर की तरफ, मकरंदनगर से लाखन तिराहे की तरफ जाने वाले वाहनों को फूलमती मन्दिर से डायवर्ट किया जायेगा। शोभायात्रा के मकरंदनगर से तिर्वा क्रॉसिंग की तरफ निकल जाने पर जलालपुर पनवारा की तरफ से आने वाले वाहनों को लाखन तिराहे की तरफ डायवर्ट किया जायेगा। यात्रा के मकरंदनगर से तिर्वा क्रॉसिंग की तरफ निकल जाने पर सरायमीरा से जलालपुर पनवारा की तरफ जाने वाले वाहनों को तिर्वा क्रॉसिंग से पुल के ऊपर से होते हुए गोल कुआं की तरफ भेजा जायेगा।

तिर्वा कस्बा में सुबह 09 बजे से विभिन्न स्थानों से दो शोभायात्रा चलकर काली मन्दिर (मण्डी समिति) से एक साथ चलेंगी, जिसमें लगभग 3,000-4,000 लोगों के सम्मलित होने की सम्भावना है। शोभायात्रा काली मन्दिर से गांधी चौराहा, क्रान्ती तिराह, ठठिया चौराह से दौलेश्वर मन्दिर रोड से होते हुये अम्बेडकर नगर संपन्न होगी। इसको लेकर पुलिस ने रुट डायवर्जन किया है। इसमें इन्दरगढ़ रोड व बेला रोड से आने वाले हल्के चार पहिया वाहन व बाईक को बालाजी मन्दिर के पीछे से कस्बे के अन्दर से होते हुये गुरसहायगंज तिर्वा रोड पर निकाला जाएगा। कन्नौज की तरफ से आने वाले हल्के चार पहिया वाहन व बाइक को ठठिया चौराहे से तिर्वा-गुरसाहगंज रोड पर डायवर्ट कर पेट्रोल पंल के पास कस्बे के अन्दर से बाला जी मन्दिर के पीछे से इन्दरगढ तिराह के पास निकाला जाएगा। ठठिया से आने वाली कार आदि व बाइक को पंचमुखी चौराहे से दाहिने तरफ डायर्वट किया जायेगा, जो मेन रोड़ तिर्वा कन्नौज रोड पर निकलेंगे।

### गुरसहायगंज से कन्नौज आने वाले वाहन पूर्वी बाइपास से होंगे डायवर्ट

**कन्नौज।** गुरसहायगंज में शोभा यात्रा के दौरान कन्नौज की तरफ से आने वालो वाहनों को पूर्वी बाईपास से डायवर्जन किया जायेगा जो पश्चिमी रेलवे क्रासिंग होते हुए रामगंज तिराहे से समधन की तरफ से फर्रुखाबाद की तरफ जाएंगे। तिर्वा रोड से आने वाले वाहनो को शहीद मार्ग से नंगा पुर्वा रोड होते हुए थाने के पास जीटी रोड पर निकलकर छिबरामऊ व फर्रुखाबाद की तरफ भेजा जाएगा। छिबरामऊ की तरफ से आने वाले वाहनो को पीडब्ल्यूडी तिराहे से डायवर्जन किये जायेगा जो पीडब्लूडी तिराहे से रामगंज तिराहा होते हुए पूर्वी बाईपास से कन्नौज की तरफ जायेंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### मारपीट में दो घायल अस्पताल में भर्ती

इटावा। अलग-अलग स्थानों पर मारपीट की घटनाओं में दो लोग घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। बसरेहर क्षेत्र के किल्ली सुल्तानपुर निवासी रविन्द्र कुमार पुत्र रामौतार को दबंगों ने मारपीट कर घायल कर दिया। चकरनगर थाना क्षेत्र के गौहानी निवासी प्रियंका पत्नी पंकज को किरीटी में दबंगों ने मारा-पीटा।

### जहरखुरानी का शिकार हुआ यात्री

इटावा। सदर कोतवाली क्षेत्र के रोडवेज बस स्टैंड पर जहरखुरानी का शिकार एक यात्री अचेत मिला। औरैया के एरवाकटरा थाना क्षेत्र के चिपटा निवासी आशू पुत्र शिवपाल सिंह फरीदाबाद में प्राइवेट नौकरी करता है। वह रोडवेज बस में फरीदाबाद से औरैया आ रहा था, रास्ते में जहरखुरानों ने उसे नशीला पदार्थ खिलाकर बैग व मोबाइल लूट लिया। बस स्टैंड में अचेत मिला तो उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### थ्रेसरिंग में महिला का दाहिना हाथ कटा

इटावा। बढ़पुरा थाना क्षेत्र के गाती गांव में सोमवार की दोपहर श्यामा देवी (30) पति राजकुमार व परिजनों के साथ गेहूं की थ्रेसरिंग में सहयोग कर रही थी। अचानक उनका दाहिना हाथ मशीन में चला गया, जिससे वह कट गया। हादसे के बाद श्यामा देवी बेहोश हो गई। गंभीर हालत में पति समेत परिजनों ने महिला को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। यहां डॉक्टर श्याम बाबू ने उसका उपचार किया। प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत देखते हुए उसे सैफई रेफर कर दिया गया।

### समाजसेवी के निधन पर बकेवर में शोक

बकेवर। कस्बे के गांधी नगर निवासी समाजसेवी राधे दद्दा (70) का अचानक हृदयगति रुकने से निधन हो गया। उनके निधन पर नगर के व्यापार मंडल अध्यक्ष शीलू शर्मा, अनिल चौधरी, योगेश शर्मा, गिरिधारी शर्मा, कांग्रेस जिलाध्यक्ष आशुतोष दीक्षित, रवि मिश्रा, प्रदीप तिवारी, डॉ अनिलवीर सिंह चौहान, पूर्व चेयरमैन विनोद दोहरे, अनिल तिवारी, बैकुण्ठ पाण्डेय, चेयरमैन विवेक यादव सन्नी, नाके शुक्ला, राहुल शुक्ला, लालजी चौधरी, प्रदीप चतुर्वेदी, सौभाग्य चतुर्वेदी, योगेश शर्मा, बृजेश शर्मा, मोनू उपाध्याय, बलवीर यादव, हमीद पहलवान, ज्वाला आदि ने शोक संवेदनाएं व्यक्त कीं।

### मोहसिना व आशा को दी गई श्रद्धांजलि

इटावा। कांग्रेस कार्यालय में पूर्व प्रदेश अध्यक्ष मोहसिना किदवई एवं प्रसिद्ध गायिका आशा भोसले के निधन पर श्रद्धांजलि दी गई। जिलाअध्यक्ष आशुतोष दीक्षित ने कहा कि देश ने दो महान विभूतियों को खो दिया है। मोहसिना किदवई ने महिला उत्थान के लिए कार्य किए। महिलाओं को शिक्षा से जोड़ने का प्रयास किया। वहीं गायिका आशा भोसले ने फिल्म जगत में अलग पहचान बनाई। शहर अध्यक्ष मो. राशिद ने कहा कि दोनों विभूतियां देश का रत्न थीं। यहां पीसीसी सदस्य प्रशांत तिवारी, कोमल सिंह कुशवाह, करण सिंह राजपूत, पल्लव दुबे आदि रहे। इसके साथ ही जलियांवाला कांड के शहीदों को भी दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस मौके पर आशाराम कठेरिया, रणवीर यादव, शौजफ रिजवी, प्रदीप द्विवेदी, सरवर अली, अमन तिवारी, जितेंद्र यादव आदि कांग्रेसी उपस्थित रहे।

# हाईवे पर आग का गोला बनी कार, ट्रैफिक रुका

## जसवंत नगर क्षेत्र में हुआ हादसा, कार सवार बाल-बाल बचे

संवाददाता, जसवंतनगर

- नोएडा से शादी समारोह में शामिल होने के लिए रात में बकेवर जा रहे थे कार सवार
- दमकल ने बुझाई आग, लपटें शांत होने के बाद सामान्य हुआ यातायात, अफरा-तफरी रही


रात के सन्नाटे में हाईवे पर जलती कार।

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग पर ओवर ब्रिज के ऊपर रविवार की देर रात हाईवे से गुजर रही एक सीएनजी कार में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते कार आग का गोला बन गई जिससे हाईवे पर अफरा तफरी का माहौल हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने फायर ब्रिगेड बुलाकर आग पर काबू पाया। गनीमत रही इस बड़े हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई।

रविवार देर रात करीब एक बजे थाना क्षेत्र के अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग पर ओवरब्रिज पर आगरा से इटावा जाने वाली सड़क पर नोएडा की तरफ से आ रही एक सीएनजी वैगन आर कार में दो लोग सवार थे। जैसे ही कार ओवरब्रिज पर पहुंची, उसमें अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और कार आग का गोला बन गई। सूचना पर पुलिस टीम के साथ पहुंचे थानाध्यक्ष कमल भाटी ने सबसे पहले हाईवे के दोनों ओर कुछ देर के लिए यातायात रोकवाया और तुरंत फायर ब्रिगेड टीम को बुलाया।

फायर ब्रिगेड की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। पुलिस की सूचना पर हाइड्रा मशीन लेकर पहुंचे हाईवे इंसिडेंट मैनेजर सुनित चौहान ने कार को सड़क के किनारे खड़ा करवाया। पुलिस ने सामान्य स्थिति होने पर यातायात सुचारु करवाया। कार सवार अभय कुमार पुत्र विनोद कुमार निवासी नगला चंदी थाना बकेवर और प्रिंस कुमार पुत्र लाल निवासी खोड़ा कॉलोनी प्रगति विहार जनपद गाजियाबाद ने बताया कि वह खुद अपनी सीएनजी वैगनआर कार चला रहे थे। कार नोएडा में ओला उबर कंपनी में अटैच है।

उन्होंने बताया कि रविवार की शाम वह अपने साथी प्रिंस के साथ नोएडा से अपने घर बकेवर एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए जा रहा था। रात करीब 1 बजे जसवंतनगर के ओवरब्रिज पर चलते-चलते कार अचानक रुक गई। कार से उतरकर देखा तो बोनट से धुआं निकल रहा था। आग बुझाने की कोशिश की, तब तक आग ने विकराल रूप ले लिया और कार आग के गोले में बदल गई।

## घर में लगी आग पूरी गृहस्थी राख

**भरथना।** कस्बे के आजाद रोड स्थित एक मकान में सोमवार सुबह आग लगने से इलाके में अफरा-तफरी मच गई। घर के दूसरी मंजिल पर लगी आग इतनी तेजी से फैली कि कुछ ही देर में घर का अधिकांश सामान इसकी चपेट में आ गया। दमकल टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। करीब दो लाख के नुकसान का अनुमान है।

मकान मालिक शशि गुप्ता टाइल्स-पत्थर का काम करते हैं। उन्होंने बताया कि सोमवार सुबह करीब सात बजे पुत्र शुभ गुप्ता के साथ भाजोरपुर मंदिर गए थे। इसी बीच पड़ोसियों ने उन्हें फोन पर आग लगने की सूचना दी। उनके लौटने तक आग विकराल रूप ले चुकी थी और घर का सामान पूरी तरह जल चुका था। आग की लपटों ने घर में रखे एसी, टीवी, कूलर, फ्रिज, पूजा की अलमारी में रखी करीब 1500 रुपये की नकदी, कपड़े और अन्य घरेलू सामान को अपनी चपेट में ले लिया। आग से घर का पूरा सामान नष्ट हो गया। पड़ोसियों ने घर से धुआं उठते देख तुरंत आसपास के लोगों को सूचना दी। इसके बाद मोहल्ले के लोग एकत्र हो गए। दमकल टीम ने आग पर काबू पाया। प्रारंभिक जांच में आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट मानी जा रही है।


लेफ्टिनेंट रंजीत सिंह का सम्मान करते अनुज मोंटी यादव। अमृत विचार

## रंजीत सिंह चौहान बने एनसीसी लेफ्टिनेंट

**जसवंतनगर।** चौ. सुघर सिंह एजुकेशनल एकेडमी ऑटोनॉमस कॉलेज के प्राध्यापक रंजीत सिंह चौहान ने तीन माह का कठिन प्रशिक्षण पूर्ण कर एनसीसी में एसोसिएट एनसीसी ऑफिसर एएनओ के रूप में लेफ्टिनेंट पद प्राप्त किया है। उनकी इस उपलब्धि से महाविद्यालय में हर्ष का माहौल है। रंजीत सिंह चौहान ने महाराष्ट्र के नागपुर स्थित ऑफिसर ट्रेनिंग सेंटर कामटी में प्रशिक्षण पूर्ण किया था।

प्रशिक्षण उपरांत उन्हें लेफ्टिनेंट जनरल राजेश पुष्कर द्वारा स्टार लगाकर सम्मानित किया गया।इस उपलब्धि पर चौ. सुघर सिंह ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स के चेयरमैन डॉ. बृजेश चंद्र यादव ने उन्हें शुभकामनाएं दीं। ग्रुप के एमडी अनुज मोंटी यादव ने माला, शॉल एवं शील्ड भेंट कर उनका सम्मान किया और इसे महाविद्यालय के लिए गौरवपूर्ण क्षण बताया। संस्थान निदेशक डॉ. संदीप पाण्डेय तथा मैनेजिंग कमेटी के सदस्य अशांक यादव ने भी उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और जिम्मेदारी के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. जितेंद्र यादव, शिक्षा संकाय के विभागाध्यक्ष नितिन आनंद, कृषि संकाय विभागाध्यक्ष डॉ. यादुवेंद्र यादव, परीक्षा नियंत्रक धर्मेंद्र कुमार, उप परीक्षा नियंत्रक सुशील यादव सहित समस्त महाविद्यालय परिवार ने लेफ्टिनेंट रंजीत सिंह चौहान को शुभकामनाएं एवं बधाई दी।

## बेहोश मिला युवक अस्पताल में मौत

**इटावा।** आबकारी दफ्तर के बाहर सोमवार तड़के एक युवक बेहोशी की हालत में मिला। कोतवाली पुलिस ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां डॉक्टर ने चेकअप के बाद मृत घोषित कर दिया। करीब 8 घंटे बाद युवक की पहचान शहर के पुरबिया टोला निवासी पंकज शुक्ला के रूप में हुई।

सोमवार करीब पांच बजे सदर कोतवाली पुलिस को सूचना मिली कि आबकारी दफ्तर के बाहर एक युवक बेहोशी की हालत में पड़ा है। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंच युवक को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। यहां डॉ. राघवेंद्र ने चेकअप के बाद युवक को मृत घोषित कर दिया। युवक के पास से कुछ कागज न मिलने पर उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी। पुलिस ने शव मोर्चरी में रखवाकर उसकी छानबीन शुरू कर दी। कोतवाली पुलिस ने करीब आठ बजे की मशक्कत के बाद मृतक युवक पंकज शुक्ला (30) निवासी पुरबिया टोला के रूप में की। बाद में पुलिस ने कागजी कार्रवाई कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सदर कोतवाली प्रभारी यशवंत सिंह ने बताया कि युवक शराब का आदी बताया जा रहा है। पोस्टमार्टम कराया गया है। रिपोर्ट और तहरीर मिलने के बाद कार्रवाई की जाएगी।



टेट की अनिवार्यता के विरोध में मशाल जुलूस निकालते शिक्षक। अमृत विचार

# मशाल जुलूस निकालकर टेट अनिवार्यता का विरोध

**इटावा।** बेसिक शिक्षा विभाग के विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों के लिए टीईटी को अनिवार्य किए जाने का शिक्षकों ने विरोध किया। इसे लेकर संयुक्त शिक्षक संघ के आह्वान पर सोमवार की देर शाम को मशाल जुलूस निकाला गया । इसमें जमकर नई बाजी की गई।

यह जुलूस जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के कार्यालय से शुरू होकर शास्त्री चौराहा होकर कचहरी पहुंचा । वहां अपनी मांगों का ज्ञापन भी दिया । जुलूस में शिक्षक नेता संजीव कुमार यादव, अजय यादव, अशोक राजपूत, राजेश जादौन , योगेंद्र त्रिपाठी के साथ बड़ी संख्या में शिक्षक मौजूद रहे । इन सब की एक ही मांग थी कि टीईटी की अनिवार्यता खत्म की जाए। शिक्षक नेताओं ने यह भी कहा कि जब तक टेट की अनिवार्यता खत्म नहीं की जाती कब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा यह व्यवस्था गलत है और इसको खत्म किया जाना चाहिए।

## व्यापार मंडल का किया गया विस्तार

**इटावा।** उद्योग व्यापार मंडल की जिला कार्यकारिणी की बैठक जिलाध्यक्ष कृष्ण मुरारी गुप्ता के आवास पर हुई, जिसमें संगठन का विस्तार किया गया।

सर्वसम्मति से सर्वेश वर्मा को सर्राफा यूनियन और अजीत जैन को किराना एसोसिएशन का अध्यक्ष, राजेश गुप्ता जिला मीडिया प्रभारी, गोपाल पोरवाल जिला मंत्री, सुशील यादव, तेजपाल राजपूत को जिला संगठन मंत्री, घनश्याम दास केसरवानी, दीपक जैन, अशोक अग्रवाल को नगर इकाई में उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई। बैठक का संचालन महामंत्री सदाशिव श्रीवास्तव ने किया। यहां प्रमुख व्यापारी जयप्रकाश जैन, शिवकांत दुबे, राजेश अग्रवाल, आलोक गुप्ता, संतोष सोनी, आनंद पोरवाल, गोविंद दुबे, राजीव वर्मा, राजीव शुक्ला, शिवनंदन भदोरिया, संतोष पोरवाल, उमेश भदोरिया, बबलू त्रिपाठी, सुनील पोरवाल, मुकेश बंसल आदि व्यापारी मौजूद रहे।

# हादसे में कोऑपरेटिव बैंक मैनेजर की मौत

कार्यालय संवाददाता, इटावा

- बरालोकपुर बाजार से सामान लेकर घर लौटते समय तेज रफ्तार वाहन ने मारी टक्कर
- बरेली में कोऑपरेटिव बैंक के मैनेजर थे संतोषपुर चौबिया के रहने वाले अवनीश शाक्य

**अमृत विचार।** आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे की सर्विस रोड पर नगला वरी व खड़ेता गांव के पास सोमवार दोपहर वाहन की टक्कर से बाइक सवार बैंक मैनेजर की मौत हो गई। मैनेजर बरेली में तैनात थे और छुट्टी लेकर घर आए थे। बरालोकपुर बाजार से सामान लेकर घर लौटते समय वह हादसे का शिकार हुए।

संतोषपुर चौबिया निवासी अवनीश शाक्य (38) सोमवार को चौपला बाजार से अपने घर बाइक से लौट रहे थे। नगला वरी व खडेता गांव के बीच पुल के पास पहुंचे, तभी तेज रफ्तार वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी और भाग निकला। सूचना पर परिजन मौके पर पहुंचे और गंभीर रूप से घायल अवनीश को सैफई आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय ले गए, जहां डाक्टर ने इलाज शुरू किया, लेकिन कुछ देर बाद ही उनकी मौत हो गई।

अवनीश अपने माता-पिता के एकलौते बेटे थे, जिससे परिवार में कोहराम मच गया। रोते-बिलखते पिता हरीशचंद्र ने बताया कि बेटा अवनीश बरेली में कोऑपरेटिव बैंक में मैनेजर पद पर कार्यरत थे। उनकी मौत से पत्नी नीतू, पुत्र अनु और पुत्री अनन्या रोते-बिलखते रहे। थानाध्यक्ष महेंद्र सिंह ने बताया कि बाइक में टक्कर मारने वाले वाहन की तलाश की जा रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। तहरीर मिलने पर वाहन चालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।



पत्रकारों से बातचीत करतीं प्रो. पदमा त्रिपाठी, कामना सिंह व अन्य। अमृत विचार

# नारी शक्ति वंदन एक्ट एक ऐतिहासिक कदम

कार्यालय संवाददता, इटावा

**अमृत विचार।** संसद से नारी शक्ति वंदन अधिनियम पारित किया जाना देश में महिलाओं के सशक्तीकरण की दिशा में ऐतिहासिक कदम है। इससे देश इतिहास रचने के लिए तैयार है। इससे लोकसभा व राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए एक-तिहाई सीटों पर आरक्षण का प्रावधान किया गया है। महिला आरक्षण के प्रभावी कार्यान्वयन को ध्यान में रखते हुए 16 अप्रैल को संसद का विशेष सत्र बुलाया गया है। इसके लिएप्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बधाई के पात्र हैं।

यह बात समाजसेवी प्रो. पदमा त्रिपाठी, डॉ. रजनी रावत, वरिष्ठ एडवोकेट हंसमुखी शंखवार, महिला शिक्षक संघ की अध्यक्ष कामना सिंह, व्यापारी नेत्री शोभा गुप्ता व एडवोकेट नेहा सिंह ने पत्रकारों से बातचीत में कहीं। इन महिलाओं ने कहा कि यह अधिनियम समतामूलक भारत की परिकल्पना को साकार करने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। सामाजिक न्याय केवल नारा न होकर कार्य संस्कृति और निर्णय प्रक्रिया का हिस्सा बनेगा।

उन्होंने कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम पंचायत से लेकर संसद तक सभी स्तरों पर महिलाओं की भागीदारी को सुदृढ़ करेगा और शासन एवं नेतृत्व में उनकी भूमिका को और मजबूत बनाएगा। यह अधिनियम विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को प्राप्त करने में महिला नेतृत्व की महत्वपूर्ण भूमिका को भी दर्शाता है। उन्होंने कहा कि पिछली सरकारों की अनदेखी के कारण यह बिल लगभग 40 वर्षों से लंबित था, जिसे भाजपा सरकार ने पारित कराया है।

## अग्निपीड़ित किसानों को राहत राशि

**भरथना।** कृषि उत्पादन मंडी समिति कार्यालय में सोमवार को अग्निकांड से प्रभावित किसानों को राहत राशि वितरित की गई। ग्राम तिलयानी मौजा थरी में बीते छह अप्रैल को दोपहर करीब दो बजे हाईटेंशन लाइन की चिंगारी से लगी आग में किसानों की खड़ी फसल जलकर राख हो गई थी।

करीब एक सप्ताह बाद सोमवार को मंडी समिति प्रशासन ने 19 प्रभावित किसानों को कुल 93,879 रुपये की सहायता राशि प्रदान की। सचिव तोष कुमार यादव ने दोपहर करीब तीन बजे किसानों को चेक वितरित किए। सहायता पाने वाले किसानों में बांकेलाल, अशोक कुमार, रामकिशोर, मान सिंह, शिवनाथ सिंह, अरुण कुमार, राजीव, जनवेद सिंह, राजेश कुमार, प्रयाग नारायण, रुक्मणी देवी सहित कुल 19 किसान शामिल हैं। इस मौके पर प्रधान लिपिक रविंद्र सिंह, मंडी अभिरक्षक उमेश कुमार, सूरज कुमार और शैलेन्द्र कुमार सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे। आग लगने से किसानों की मेहनत की पूरी फसल जलकर नष्ट हो गई थी।

# स्कूल में मनाई गई डॉ. आंबेडकर जयंती


डॉ.भीमराव आंबेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित करते बच्चे। अमृत विचार

**जसवंतनगर।** हाईवे स्थित बचपन प्ले स्कूल में सोमवार को बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत संस्था के मैनेजिंग डायरेक्टर राहुल दीक्षित द्वारा डॉ. अंबेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि देने के साथ हुई।

इस अवसर पर राहुल दीक्षित ने बच्चों को संबोधित करते हुए डॉ. अंबेडकर के जीवन और उनके महत्वपूर्ण योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि डॉ. अंबेडकर भारतीय संविधान के निर्माता होने के साथ-साथ सामाजिक न्याय, समानता और शिक्षा के प्रबल समर्थक थे। उन्होंने जीवनभर अनेक कठिनाइयों का सामना करते हुए समाज के पिछड़े वर्गों को मुख्यधारा में लाने के लिए संघर्ष किया। उन्होंने बच्चों को डॉ. अंबेडकर के आदर्शों से प्रेरणा लेने और शिक्षा के माध्यम से अपने भविष्य को उज्ज्वल बनाने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम के दौरान बच्चों को उनके जीवन से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं और उनके बताए मार्ग पर चलने का संदेश दिया गया। इस मौके पर विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा और सभी ने बाबा साहब को श्रद्धांजलि अर्पित की।

अमृत विचार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**
मेरे पुत्र अखिलेश कुमार उर्फ भोले का आचरण ठीक नहीं है। वह आए दिन मेरे परिवार के साथ लड़ाई झगड़ा करता है जिसके चलते मैंने उसे अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। अब मेरा उससे किसी भी प्रकार का वास्ता सरोकार नहीं है। अपने किए गए कार्यो का वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मैं या मेरा परिवार जिम्मेदार नहीं होगा मैं/ **गजाधर पुत्र स्व0 प्रभू निवासी पूरे शुक्लन मजरे सोण्डासी थाना डलमऊ जिला रायबरेली।**

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**
मैं **वलिया रहमान पत्नी दिलशाद अहमद, निवासी–ब्लाक नं0 26/40 सेक्टर आई बसन्त कुंज बालागंज लखनऊ उ0प्र0,** त्रुटिवश मेरा नाम हाईस्कूल की मार्कशीट में परवीन अंकित हो गया है ।जबकि मेरा सही नाम वलिया रहमान है जो कि सत्य एवम सही है। अत: अब मुझे वलिया रहमान के नाम से जाना व पहचाना जाय और सभी रिकार्ड में दर्ज किया जाय ।

**सूचना**
पहले मेरा नाम Sadaf Siddiqui था अब मैने बदलकर अपना नाम Sadaf Amir Siddiqui रख लिया है भविष्य में मुझे Sadaf Amir Siddiqui के नाम से जाना व पहचाना जाए। W/O Syed Ishan Ahmad R/O House No-418/145, Bababazarbagh, Thakurganj, Lucknow, UP-226003

**नीलामी सूचना**
दिनाँक 20–04–2026 अपरान्ह 3.00 बजे कार्यालय रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक (सेना), करियप्पा मार्ग, लखनऊ छावनी में अनुपयोगी /निष्प्रयोज्य कार्यालय फर्नीचर, अलमारियाँ, विद्युत यंत्र आदि की नीलामी, सिक्योरिटी रू0 5,000.00 नगद, फर्म के जी0एस0टी0 पंजीकरण, आधार, पैन कार्ड के साथ जमा होगी। **आई0पी0 सिंह एण्ड सन्स**

**सूचना**
सूचित हो कि पहले मेरा नाम DASHRATH था से बदलकर DASRATH CHAUHAN रख लिया है अब मुझे DASRATH CHAUHAN के नाम से जाना व पहचाना जाये। S/0-PARDESHI CHAUHAN ADD-22 HARDI, DIST-FAIZABAD AYODHYA - 224234 (U.P.)

आयोजन

नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम में सुनाया गया प्रधानमंत्री का संबोधन, योजनाओं का किया गया बखान

# महिलाओं को मिल रहा सरकारी योजनाओं का लाभ

कार्यालय संवाददाता, इटावा


भाजपा कार्यालय में प्रधानमंत्री का भाषण सुनते जिलाध्यक्ष और साथ में महिलाएं।


विकास भवन में सदर विधायक सरिता भदौरिया और अधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें राजधानी से प्रधानमंत्री के संबोधन का लाइव प्रसारण भी सुनाया गया। इस कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों और स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने प्रधानमंत्री का संबोधन सुना। इसमें सरकार की ओर से महिलाओं के लिए चलाई गई योजनाओं की जानकारी दी गई ।

विकास भवन में आयोजित कार्यक्रम में सदर विधायक सरिता भदौरिया ने कहा की महिलाओं को सीधे-सीधे योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है । प्रधानमंत्री के प्रयासों से बैंकिंग प्रणाली से महिलाओं को जोड़ा गया, जिससे आर्थिक लाभ सीधे उनके खातों में पहुंच रहा है ।प्रधानमंत्री आवास योजना और राशन कार्ड में महिलाओं का नाम प्रमुखता से जोड़ा जा रहा है और इन योजनाओं में महिलाओं को प्राथमिकता दी जा रही है । इस कार्यक्रम में महिलाओं को उनके अधिकार बताए गए और सरकारी योजनाओं की जानकारी भी दी गई । इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य सचिन यादव, जिला प्रोबेशन अधिकारी विनय कुमार , जिला कार्यक्रम अधिकारी लक्ष्मीकांत त्रिपाठी व अधिकारी मौजूद रहे।

### भाजपा कार्यालय में लाइव सुना गया प्रधानमंत्री का संबोधन

इटावा। नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर भारतीय जनता पार्टी के कार्यालय पर भी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें प्रधानमंत्री के संबोधन का सीधा प्रसारण दिखाया गया। भाजपा के जिलाध्यक्ष अन्नू गुप्ता और महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष विरला शाक्य की अध्यक्षता में यह कार्यक्रम हुआ जिसमें सभी ने प्रधानमंत्री का संबोधन सुना। भाजपा जिलाध्यक्ष अन्नू गुप्ता ने कहा कि देश में दशकों का इंतजार अब समाप्त होने जा रहा है और नारी शक्ति अधिनियम लागू होने जा रहा है। यह एक बड़ा कदम है विकसित भारत 2047 को लेकर महिलाओं की भूमिका महत्वपूर्ण होगी ।विरला शाक्य ने कहा कि इस व्यवस्था के होने से निर्णय प्रक्रिया में महिलाओं की भागीदारी बढ़ेगी और देश के विकास को गति मिलेगी। इस मौके पर महिला मोर्चा प्रदेश कार्य समिति की सदस्य विनीता गुप्ता, मधु तोमर, प्रीति दुबे, अनीता जाटव, नीतू नारायण मिश्रा, सोनिया सिंह चक, राधा पाल, सभासद पूनम पांडेय , सोनी कठेरिया मौजूद रही।

### कृष्ण जन्मोत्सव पर झूमे श्रद्धालु

बसरेहर। ब्लॉक के सुल्तानपुर किल्ली में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन कृष्ण जन्म का उत्सव मनाया गया। वृंदावन के कथा वाचक ब्रजेश कुलकर्णी ने जैसे ही जन्म का प्रसंग सुनाया, पूरा पांडाल जयकारों से गूंज उठा। श्रद्धालुओं ने बधाई लुटाते हुए नृत्य किया। कथा व्यास ने भगवान के अवतार की महिमा का वर्णन करते हुए बताया कि जब-जब पृथ्वी पर अधर्म बढ़ता है, तब-तब प्रभु भक्तों के उद्धार के लिए अवतार लेते हैं। कृष्ण जन्म के समय झांकी का दर्शन कर भक्त भाव-विभोर हो गए। महिलाओं और पुरुषों ने सोहर गाकर और नृत्य कर अपनी खुशी जाहिर की। कार्यक्रम में समाजसेवी श्रीकृष्ण यादव ने श्रद्धालुओं का माला और पटका पहनाकर स्वागत एवं सम्मान किया। उन्होंने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजनों से समाज में एकता और सात्विक विचारों का संचार होता है। कथा का सफल संचालन आयोजक सचिन यादव किल्ली और दीपक के नेतृत्व में किया जा रहा है।

## न्यूज ब्रीफ

### हारजीत की बाजी लगाते सात धरे गये

**जालौन।** नगर के मोहल्ला तोपखाना में सार्वजनिक स्थल पर चल रहे हार-जीत का खेल पर पुलिस ने छापामारी की। छापामारी के दौरान पुलिस ने हार-जीत की बाजी लगा रहे रहे सात लोगों को पकड़ लिया है। जिनके पास से 15260 रुपये व मोबाइल फोन बरामद हुए हैं। मुखबिर की सूचना पर चौकी प्रभारी मनीष तिवारी ने पुलिस टीम के साथ छापामारी कर हार-जीत की बाजी लगा रहे रावतान निवासी शनि, कछोरन निवासी पूरन व सुनील, झांसी के ग्राम पहलगवां निवासी विपिन कुमार, शाहगंज निवासी समीर व नाजिम को पकड़ लिया है। पकड़े आरोपियों के पास से ताश की गड्डी, मोबाइल फोन, मालफड़ पर 14100 रुपये एवं 1160 रुपये बरामद हुए हैं।

### तमंचा समेत युवक गिरफ्तार

**जालौन।** चौकी में तैनात एसआई शिवम सिंह सेंगर को सूचना मिली कि उरई मार्ग पर आवास विकास कालोनी से छौलापुर मार्ग की ओर जाने वाली बंबा की पट्टी पर मोहल्ला खटीकान निवासी इलयास खड़ा है। जो किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में है। पुलिस ने घेराबंदी कर संदिग्ध युवक को पकड़कर जब उसकी तलाशी ली तो पुलिस ने उसके पास से एक देशी तमंचा 315 बोर व एक कारतूस बरामद किया है। पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर युवक को न्यायालय में पेश किया है। कोतवाल हरिशंकर चंद ने बताया कि आरोपी युवक के खिलाफ कोतवाली में एक दर्जन रिपोर्ट दर्ज हैं।

### खेत में बुआई करने के दौरान हुई मारपीट

**बेला।** थाना क्षेत्र के गांव पुर्वा पुने निवासी रिषभ कुमार ने सोमवार को थाना पुलिस को दिये शिकायती पत्र में बताया है की उसका खेत का विवाद था। जिसपर राजस्व टीम द्वारा पैमाइश करके हमें कब्जा दिला दिया गया था। जिसके बाद से दो फसलें हम खेत में कर चुके हैं। फिर भी सोमवार दोपहर लगभग साढ़े 12 बजे उसकी मां सुधा और बहन आशू खेत पर मक्का की बुआई करवा रही थी। तभी गांव के ही कुछ लोगों द्वारा मेरी मां और बहन को गालियां देते हुए मारपीट शुरू कर दी, ज़ब मैं वहां पहुंचा तो एक ने मुझपर व मेरी बहन व मां पर हमला कर दिया। इससे सभी को चोटें आयी हैं। पुलिस ने दोनों घायलों को मेडिकल परीक्षण के लिए बेला सीएचसी भेज दिया। जहां से सुधा को चिचोली स्थित मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया।

### गौशाला में चारा व गुड़ का किया वितरण

**फफूंद औरैया।** राष्ट्रीय गौ रक्षक दल के तत्वावधान में ग्राम पंचायत नियामतपुर बिहारी के दूल्हा राय का पुरवा स्थित गौशाला में सोमवार को सेवा कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में गोवंश के लिए चारा व खाद्य सामग्री का वितरण किया गया। गौ रक्षा दल के जिला अध्यक्ष रमेश चंद्र त्रिपाठी एवं जिला संगठन मंत्री रामकृपाल दीक्षित की अगुवाई में आयोजित कार्यक्रम में गौशाला को 10 क्विंटल भूसा, 3 क्विंटल चोकर और 10 किलो गुड़ दान किया गया। इस दौरान अतिथियों ने गौशाला की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और गोवंशों को गुड़ चना खिलाकर उनकी सेवा की। इस दौरान भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष गोविंद मिश्रा, योगेश तिवारी सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

### ट्रैक्टर बाइक की भिड़ंत में बाइक सवार घायल

**कुदरकोट, औरैया।** कुदरकोट थाना क्षेत्र के अंतर्गत बिधूना-भरथना मार्ग पर सोमवार को ग्राम पथरिया के पास एक सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार बाइक और अज्ञात ट्रैक्टर के बीच जोरदार भिड़ंत हो गई। इसमें बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई। आदर्शनगर बिधूना निवासी शिवम उर्फ छोटू पुत्र महेंद्रपाल सिंह अपनी बाइक से कहीं जा रहा था। जैसे ही वह ग्राम पथरिया के पास पहुंचा, तभी सामने से आ रहे अज्ञात ट्रैक्टर से उसकी बाइक की टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार युवक सड़क पर गिरकर घायल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही थाना कुदरकोट पुलिस मौके पर पहुंची और घायल युवक को तत्काल उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल भिजवाया। वहां पर डॉक्टरों ने उसका प्राथमिक उपचार किया। हादसे के बाद ट्रैक्टर चालक मौके से वाहन सहित फरार हो गया, जिससे पुलिस को उसकी पहचान करने में दिक्कत आ रही है। पुलिस ने फरार ट्रैक्टर की तलाश शुरू कर दी है। कुदरकोट थानाध्यक्ष अमर बहादुर सिंह ने बताया कि मामले में तहरीर मिलने के बाद आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# सारे गेहूं केंद्र खुले न मिलने पर भड़के जिलाधिकारी

## डीएम को मात्र सात क्रय केंद्र खुले मिले, किसानों से अच्छा व्यवहार करने को कहा

कार्यालय संवाददाता जालौन



क्रय केंद्रों का निरीक्षण करते जिलाधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** डीएम ने मंडी में संचालित सरकारी गेंहू क्रय केंद्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान केंद्रों में तैनात कर्म चारियों को उन्होंने उचित दिशा निर्देश भी दिये।साथ ही किसानों से वहां पर होने वाली समस्याओं के बारे में पूछताछ की।

डीएम राजेश पांडेय सोमवार की दोपहर नवीन गल्ला मंडी में संचालित गेंहू क्रय केंद्र पर पहुंचे। वहां उन्होंने केंद्र पर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान कुछ केंद्रों पर बैनर नहीं टंगे थे। जिस पर उन्होंने सभी क्रय केंद्रों पर बैनर लगवाने के निर्देश दिए। मंडी में 15 गेहूं खरीद केंद्रों को खोला जाना है। वहीं डीएम के निरीक्षण में मात्र सात क्रय केंद्र संचालित मिले। जिस पर डीएम ने नाराजगी जाहिर करते हुए सभी क्रय केंद्रों को शुरू करने के निर्देश दिए। इसके अलावा केंद्रों पर किसानों के बैठने की व्यवस्था और गर्मी के मौसम को देखते हुए शीतल पेयजल उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिए। कुछ केंद्र प्रभारियों ने बारदाने की कमी की बात कही तो डीएम ने तत्काल सभी क्रय केंद्रों के लिए बारदाना उपलब्ध कराने के निर्देश अधीनस्थों को दिए हैं। वहीं, केंद्रों पर जितनी खरीद हो चुकी है, उस माल को तत्काल उठवाने के भी निर्देश दिए। डीएम ने सभी केंद्र प्रभारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि किसानों को किसी भी हाल में अपनी फसल बेचने के लिए परेशान न होना पड़े। किसानों के लिए सभी सुविधाएं उपलब्ध रहनी चाहिए। बिचौलियों और दलालों से दूर रहें। किसानों से अतिरिक्त कोई धनराशि न वसूल की जाए। स्पष्ट कहा कि यदि कोई शिकायत मिलती है तो कार्रवाई होना तय है।

**बारदाना न होने से नहीं हो रहीं गेहूं खरीद:** सरकारी गेहूं खरीद केंद्र खुले हुए लगभग दो सप्ताह हो रहे हैं पर खरीद अभी रफ्तार नहीं पकड़ रही है। बारदाना न होने से पीसीएफ केन्द्र तीन दिन से बन्द हैं, जिससे किसान का गेहूं मैदान में पड़ा है।

शासन प्रतिवर्ष समर्थन मूल्य पर किसानों से गेंहू की खरीद करता है, जिसके लिए विपणन शाखा के साथ पीसीएफ तथा सहकारी समितियों के माध्यम से खरीद की जाती है और इस वर्ष क्रय केन्द्रों की शुरुआत 30 मार्च से हुई थी लेकिन बारदाना न होने से खरीद बाद में शुरू हुई थी लेकिन विपणन शाखा को छोड़कर किसी भी संस्था ने खरीद शुरू नहीं की थी, जिसके चलते गल्ला मण्डी स्थित क्रय केन्द्र पर किसानों की लाइन लगी है लेकिन पीसीएफ सहित अन्य केन्द्रों पर बारदाना न होने से खरीद बन्द है। पीसीएफ केन्द्र पर आये अजय तिवारी के मुताबिक शनिवार को वह अपनी उपज बेचने आए थे लेकिन बारदाना न होने से उनका गेंहू खुले आसमान के नीचे पड़ा है।

पीसीएफ केन्द्र के प्रभारी धनीराम कुशवाहा के अनुसार उन्हें महज बोरियों की दो गांठें मिली थी जो खत्म हो गई हैं, जैसे ही बारदाना मिलेगा वैसे ही खरीद शुरू कर दी जाएगी । इस मामले में जिला विपणन अधिकारी गोविन्द उपाध्याय के अनुसार शीघ्र ही सभी केन्द्रों पर खरीद सुचारू रूप हो जाएगी।

### कोर्ट के आदेश पर मुकदमा दर्ज

**जालौन।** लगभग चार माह पूर्व मायके आ रही महिला को चार युवकों ने बगीचे में खींचकर तमंचा दिखाकर उसके साथ बारी बारी से दुष्कर्म किया। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दे डाली। पीड़िता ने मामले की शिकायत कोतवाली में की थी। सुनवाई न होने पर महिला ने न्यायालय की शरण ली। कोर्ट के आदेश पर ओारिपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज हुई।

मध्यप्रदेश के लहार थाना क्षेत्र निवासी एक महिला ने न्यायालय को बताया कि उसका मायका कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में हैं। महिला ने आरोप लगाया कि सिरसा थाना क्षेत्र के ग्राम दमरास निवासी कौशल, सतीश, कैलाश व जितेंद्र उसे देखकर अश्लील फब्तियां कसते थे। जनवरी माह में वह अपने मायके जा रही थी। तभी रास्ते में लौना गांव से पहले यूकेलिप्टस के बगीचे के पास चारों युवकों ने उसे रोक लिया और तमंचे की दम पर उसे बगीचे में ले गए। वहां पर चारों ने दुष्कर्म किया। पीड़िता ने आरोप लगाया कि उसने घटना की सूचना कोतवाली पुलिस और एसपी के यहां भी दी लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाल हरिशंकर चंद ने बताया कि न्यायालय के आदेश पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।



डिवाइडर से टकराकर खड़ा डंपर। अमृत विचार

### डिवाइडर पर टकराया डंपर, हादसा टला

संवाददाता कालपी जालौन

**अमृत विचार।** सोमवार सुबह परिवहन विभाग की गाड़ी को बचाने के चक्कर में बड़ा हादसा होने से बच गया। इस दौरान एक डंपर डिवाइडर से टकरा गया । हालांकि इससे कोई जनहानि तो नहीं हुई लेकिन काफी नुकसान हो गया।

परिवहन विभाग द्वारा ओवरलोडिंग पर लगाम लगाने की तमाम कोशिशें की जा रही हैं। इसी के चलते विभाग के अधिकारी आकस्मिक अभियान चलाते रहते हैं। सोमवार को भी एआरटीओ द्वारा नगर सीमा स्थित हाईवे पर बालू से भरे दो ट्रक रोकने की कोशिश में अपनी गाड़ी कुछ ट्रकों के आगे लगा दी। इसके ट्रक चालकों ने आकस्मिक ब्रेक लगाकर गाड़ी रोक दी थी। लेकिन उनके पीछे से आ रहे तेज रफ्तार डंपर चालक द्वारा अचानक ब्रेक लगाने से वह अनियंत्रित हो गया और आगे खड़ी गाड़ियों को बचाने के चक्कर में डंपर डिवाइडर से टकरा गया। इससे जनहानि तो नहीं हुई पर डंपर में काफी नुकसान हो गया। डंपर के अचानक दुर्घटना होने से मौके पर लोगों भीड़ जमा हो गई। भीड़ को देखकर परिवहन विभाग के जिम्मेदारों ने पकडी हुई गाड़ियां छोड़ दी और खुद भी मौके से भाग निकले।

वहीं उनके द्वारा रोके गए ट्रक भी मौके से भाग निकले । वहां मौजूद लोगों की माने तो इस हादसे में महज डंपर में ही क्षति हुई है लेकिन अगर उक्त डंपर डिवाइडर के दूसरी तरफ चला जाता तो बड़ा हादसा हो सकता था। इस सम्बन्ध में एआरटीओ राजेश कुमार का पक्ष जानने की कोशिश की गई लेकिन उनका फोन नहीं उठा ।



स्मार्ट प्रीपेड मीटर के विरोध में ज्ञापन देते बिजली उपभोक्ता। अमृत विचार

# प्रीपेड मीटर के विरोध में ग्रामीणों ने दिया ज्ञापन

कार्यालय संवाददाता जालौन

- नायब तहसीलदार तारा शुक्ला को सौंपा गया ज्ञापन

**अमृत विचार।** एक ओर सरकार उपभोक्ता की अनुमति के बगैर स्मार्ट प्रीपेड मीटर नहीं लगाए जाने की घोषणा कर रही है। तो दूसरी ओर बिजली निगम स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगवा रहा है। जबरन लगाए जा रहे मीटरों पर रोक लगवाने व लम्बे समय से बंद साइट को चालू कराने की मांग को लेकर सभासद के नेतृत्व में नगर के लोगों ने केंद्रीय ऊर्जा मंत्री को संबोधित ज्ञापन मांग पत्र नायब तहसीलदार तारा शुक्ला को सौंपा है।

नगर के वार्ड संख्या आठ मोहल्ला शाहगंज, तोपखाना, खटीकान से सभासद रीना देवी के नेतृत्व में बिजली उपभोक्ताओं गोल्डी अवस्थी, अशफाक राईन, नफीस खान, सूरज प्रजापति, रहीसा बेगम, सकीरा, आयशा, अनीशा ने केंद्रीय ऊर्जा मंत्री भारत सरकार को संबोधित मांग पत्र नायब तहसीलदार तारा शुक्ला को सौंपा । ज्ञापन के माध्यम से बताया कि जनपद में कई जगह बिजली निगम द्वारा बिना उपभोक्ताओं की सहमति एवं अनुमति के घर-घर स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाए गए हैं। जबकि सरकार द्वारा यह कहा गया है कि किसी भी उपभोक्ता के घर जबरन स्मार्ट या प्रीपेड मीटर नहीं लगाया जाएगा। इसके बावजूद विभाग द्वारा जनता की इच्छा के विरुद्ध यह कार्य किया गया है, जिससे आम जनता विशेषकर गरीब, मजदूर और मध्यम वर्ग के लोग अत्यंत परेशान हैं। प्रीपेड मीटर लगाए जाने के बाद उपभोक्ताओं को अधिक बिल आने की शिकायतें मिल रही है, जिसके कारण लोग बार-बार कार्यालय के चक्कर लगाने को मजबूर हैं। जानकारी मिली है कि सबंधित बेवसाइट भी लंबे समय से बंद चल रही है, जिसके कारण उपभोक्ता अपने कनेक्शन को पोस्टपेड में परिवर्तित कराने की प्रक्रिया भी पूरी नहीं कर पा रहे हैं। गर्मी के मौसम में बिजली कट जाने के कारण बच्चों व बुजर्गों को परेशानी हो रही है। जनहित में जबरन लगाए जा रहे स्मार्ट प्रीपेड मीटर की प्रक्रिया को तत्काल रुकवाये जाने की मांग की गई है।

### 21 भारी वाहनों के काटे चालान

**बेला, औरैया।** कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने और सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से थानाध्यक्ष गंगादास गौतम के नेतृत्व में पुलिस द्वारा रात्रि चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान तमाम गाड़ियों के चालान काटे गये और भारी शमन शुल्क भी वसूला गया।

पुलिस द्वारा रात्रि चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान नियमों का उल्लंघन करने वाले 21 भारी वाहनों के चालान किए गए। पुलिस की इस कार्रवाई में कुल लगभग 1,10,000 रुपये का शमन शुल्क वसूला गया। चेकिंग के दौरान वाहनों के दस्तावेज, ओवरलोडिंग और अन्य नियमों का गहन निरीक्षण किया गया। थानाध्यक्ष गंगादास गौतम ने बताया कि यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ आगे भी इसी तरह सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। उन्होंने वाहन चालकों से नियमों का पालन करने को कहा।

# एसडीएम से मिले भाजपा व विहिप

संवाददाता कालपी जालौन



अधिकारी को ज्ञापन सौंपते नेतागण। अमृत विचार

**अमृत विचार।** नगरपालिका परिषद द्वारा संचालित गौशाला में गोवंशों की दुर्दशा का मामला तूल पकड़ रहा है। सोमवार को हिंदू संगठन के लोगों ने एसडीएम को पत्र सौंपकर केयर टेकर के खिलाफ कार्रवाई को अपर्याप्त मानते हुए इसके लिए जिम्मेदार अधिशाषी अधिकारी और आर आई को जिम्मेदार मानते हुए उनपर कार्यवाही की मांग की है।

गोवंशों का संरक्षण शासन की प्राथमिकता में शामिल हैं। इस पर नजर रखने के लिए गौसेवा आयोग का भी गठन किया गया है, जो प्रशासन द्वारा संचालित गौशालाओं की व्यवस्था परखता रहता है। इसी के चलते शनिवार को हिंदू संगठन के युवाओं ने पालिका परिषद द्वारा संचालित आलमपुर गौशाला की स्थिति देखी थी, जहां उन्हें मौके पर मृत तथा बीमार गायों की दुर्दशा देखने को मिली थी, जिसका वीडियो उन्होंने सोशल मीडिया पर डाला था। इसको संज्ञान में लेकर आनन फानन में एसडीएम मनोज कुमार सिंह , सीबीओ डॉ. मनोज अवस्थी तथा अन्य प्रशासनिक अमला मौके पर पहुंचा था और वहां की व्यवस्था पर नाराजगी जताकर महज केयर टेकर के खिलाफ कार्रवाई का संकेत दिया था। सोमवार को भाजपा नगर अध्यक्ष सुबोध द्विवेदी तथा विश्व हिन्दू परिषद नगर अध्यक्ष बब्बन सिंह की अगुवाई में तमाम लोग एसडीएम के पास पहुंचे और गौशाला में गोवंशों की दुर्दशा का मुद्दा उठाकर अधिशासी अधिकारी तथा आरआई पर कड़ी कार्रवाई की मांग की और कहा कि केयर टेकर को नहीं निकालना जाना चाहिए। एसडी एम ने हिन्दू संगठन के युवाओं को आश्वासन दिया है कि मामले की जांच कराई जाएगी। इस मौके पर बजरंग दल संयोजक हर्ष विश्नोई, सचिन त्रिपाठी, लखन पुरवार, सन्तोष राठौर, सभासद अतुल सिंह, कोमल सिंह, मन्टू विश्नोई, सहित बडी संख्या में हिन्दू संगठन के लोग रहे।

### बार चुनाव : 30 अप्रैल को होगा मतदान और उसी दिन परिणाम

**बिधूना, औरैया।** तहसील बार एसोसिएशन के वार्षिक चुनाव की नामांकन प्रक्रिया संपंन होने के बाद अध्यक्ष महामंत्री के पद पर 30 अप्रैल को मतदान होगा। वहीं उसी दिन मतगणना के बाद परिणाम की घोषणा कर दी जाएगी। साथ ही अन्य पदों पर एकल नामांकन होने के चलते निर्विरोध निर्वाचिन होगा।

एलडर्स कमेटी के चेयरमैन विनोद कुमार गुप्ता ने बताया कि अध्यक्ष पद हेतु अम्बरेश सिंह सेंगर, राकेश यादव, नवीन तिवारी ने नामांकन दाखिल किए हैं। महामंत्री पद हेतु शमीम अख्तर, अतुल तिवारी ने नामांकन दाखिल किए हैं। उन्होंने बताया कि 30 अप्रैल मतदान होगा और उसी दिन परिणाम भी घोषित किया जायेगा। साथ ही उन्होंने अपील की कि सभी लोग वोट डालने आयें और किसी भी प्रकार की गड़बड़ी न करें।

## खेत में पड़े भूसे में लगी आग

संवाददाता, अछल्दा औरैया

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के गपकापुर गांव में सोमवार को अज्ञात कारणों से गेहूं के खेत में भीषण आग लग गई। इस अग्निकांड में लगभग 16.5 बीघा गेहूं पूरी तरह जलकर राख हो गया।

गपकापुर में अज्ञात कारणों के चलते आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि आसपास के खेतों में काम कर रहे किसानों में अफरा-तफरी मच गई। इस आग से लगभग 16.5 बीघा गेहूं जलकर राख हो गया। हालांकि घटना में कोई जनहानि नहीं हुई, जिससे किसानों ने राहत की सांस ली । किसानों ने तुरंत डायल 112 पर सूचना दी गई। इसके बाद अजीतमल फायर ब्रिगेड टीम और थाना प्रभारी सुरेश चंद्र मौके पर पहुंचे। फायर ब्रिगेड की दो गाड़ियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

अग्निशमन अधिकारी देवेश तिवारी ने बताया कि आग पर पूरी तरह नियंत्रण पा लिया गया है। प्रारंभिक जांच में आग लगने के कारणों का अभी तक पता नहीं चल सका है। इस संबन्ध में क्षेत्रीय लेखपाल विकास कुमार ने बताया कि भूसे में आग लगी थी जो शासन को रिपोर्ट भेज दी जाएगी।

# प्रताड़ना का आरोप लगाकर किशोरी ने निगला जहरीला पदार्थ , भर्ती

- पुलिस ने छात्रा को उपचार के लिए अस्पताल में करवाया भर्ती

**अयाना।** थाना के पास स्कूल आ रही छात्रा ने जहरीला पदार्थ निगल लिया, इससे उसकी हालत बिगड़ गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने छात्रा को अस्पताल में भर्ती करवाया। पुलिस को छात्रा के पास से सुसाइड नोट भी मिला है। उसने परिजनों की प्रताड़ना से परेशान होकर आत्महत्या करने की बात लिखी है।

अयाना थाना से करीब 800 मीटर दूरी पर एक 17 वर्षीय छात्रा ने सोमवार सुबह 11 बजे के करीब कोल्ड ड्रिंक में ज़हरीला पदार्थ निगल लिया। मौके पर पहुंची पुलिस को छात्रा के पास से एक सुसाइड नोट, बैग व एक कोल्डड्रिंक की बोतल मिली, जिसमें जहरीला पदार्थ मिला था। साथ ही सल्फास के खाली पाउच पड़े मिले। पुलिस ने उसको सीएचसी आयना में भर्ती कराया। वहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद उसको मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया लेकिन एंबुलेंस मिलने में ही करीब 45 मिनट का इंतजार करना पड़ा। इसके बाद छात्रा को चिचौली के जाया गया। थानाध्यक्ष जयप्रकाश पाल ने बताया कि छात्रा का उपचार करवाया जा रहा है। छात्रा ने सुसाइड नोट में परिवार व इटावा निवासी रिश्तेदार सहित पांच लोगों पर प्रताड़ित करने व सितंबर माह में मारपीट करने का आरोप लगाया है। वह कटघरा स्थित इंटर कॉलेज में इंटरमीडिएट की छात्रा है। साथ ही मुरादगंज में कंप्यूटर कोचिंग करती है।

**भक्ति भावना** | हरिगंज बाजार स्थित श्री हनुमान जी मंदिर में हुआ आयोजन

# हनुमान मंदिर में महायज्ञ में उमड़े श्रद्धालु



महायज्ञ में मौजूद श्रद्धालु। अमृत विचार

संवाददाता अछल्दा औरैया

**अमृत विचार।** रविवार को कस्बे के हरिगंज बाजार स्थित श्री हनुमान जी मंदिर में एक कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ संपंन हुआ। इस धार्मिक अनुष्ठान में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर पुण्य लाभ अर्जित किया।

महायज्ञ में मंदिर के महंत महेंद्र गुप्ता के नेतृत्व में गायत्री परिवार के सदस्यों ने पीले वस्त्र धारण कर विधि-विधान से हवन-पूजन किया। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो गया और उपस्थित लोगों ने आहुति देकर सुख-समृद्धि की कामना की। कार्यक्रम के दौरान भक्तों में विशेष उत्साह देखने को मिला। आयोजन के अंत में प्रसाद वितरण किया गया, जिसमें सभी श्रद्धालुओं मुकेश गुप्ता, सौरभ पोरवाल, लायक सिंह, मुकेश सोनी, जयगोपाल, जितेंद्र गुप्ता ने सहभागिता की।

### श्रीमद भागवत कथा में पहुंचे भक्त

बेला, औरैया। थाना क्षेत्र के गांव राठौरी स्थित सती शारदा मां दरबार में चल रहे श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के चौथे दिन सोमवार को भी श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। कथा स्थल पर सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती रही, जिससे पूरा वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर हो गया। कथा वाचक पं. गोविंद दुबे ने चौथे दिन भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं और धर्म की महिमा का अत्यंत भावपूर्ण वर्णन किया। उन्होंने अपने प्रवचन में बताया कि मानव जीवन में सच्चे सुख की प्राप्ति केवल ईश्वर की भक्ति और सद्कर्मों के मार्ग पर चलने से ही संभव है। उनके शब्दों ने उपस्थित श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। कथा के बीच-बीच में गूंजते भजनों ने माहौल को और भी दिव्य बना दिया। "राधे-राधे" और "हरि नाम" के जयकारों से पूरा पंडाल गूंज उठा, वहीं श्रद्धालु भक्ति में लीन होकर झूमते नजर आए। महिलाओं, युवाओं और बुजुर्गों की भारी सहभागिता ने कार्यक्रम की भव्यता को और बढ़ा दिया। आयोजन समिति की ओर से श्रद्धालुओं के लिए पेयजल, प्रसाद और बैठने की समुचित व्यवस्था की गई है, जिससे सभी को किसी प्रकार की असुविधा न हो। आयोजक मंजू देवी (मधु) व राजीव पाल ने क्षेत्रवासियों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कथा का श्रवण करें और आध्यात्मिक लाभ अर्जित करें।

### टंकी में मिला कंकाल, मानव का होने की आशंका

**अयाना औरैया।** थाना क्षेत्र के महारतपुर में सोमवार शाम को पानी की टंकी में एक कंकाल पड़ा मिला। मौके पर पहुंचे लोगों ने मानव कंकाल होने की आशंका जाहिर कर पुलिस को सूचना दी। महारतपुर निवासी जितेंद्र गांव में जल निगम की ओर से बनाई गई पानी की टंकी में ऑपरेटर के पद पर कम करता है। सोमवार शाम को वह पानी की आपूर्ति चालू करने के लिये टंकी पर गया था। वहां वाल्व में समस्या आने पर उसने टंकी पर चढ़ कर जांच की तो उसे टंकी में एक कंकाल दिखाई दिया। इसपर उसने घटना की जानकारी ग्रामीणों व पुलिस को दी। स्थानीय लोगों ने युवक के टंकी में डूब कर मौत हो जाने व शव सड़ जाने की आशंका जाहिर की है। थानाध्यक्ष जयप्रकाश पाल ने बताया कि प्रथम दृष्टया कंकाल बंदर का प्रतीत हो रहा है। पशु चिकित्साधिकारी को मौके पर बुलाया गया है।



कार्यक्रम के दौरान मौजूद शिक्षक और बच्चे। अमृत विचार

### बाबा साहब के पदचिह्नों पर चलने का संकल्प

**फफूंद, औरैया।** कस्बे के एक्सिस पब्लिक स्कूल में आज भारत के संविधान निर्माता डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती बड़े ही हर्षोल्लास और सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलन से हुई।

विद्यालय के प्रधानाचार्य सरदार गुरमीत ने डॉ. आंबेडकर के जीवन, संघर्ष और भारत के संविधान निर्माण में उनके योगदान पर प्रकाश डाला। साथ ही उनके पदचिह्नों पर चलने का संकल्प लिया गया। वहीं छात्रों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए । विद्यार्थियों ने बाबा साहेब के विचारों और सिद्धांतों पर आधारित पोस्टर भी प्रदर्शित किए। इस अवसर पर एक विशेष निबंध प्रतियोगिता और प्रश्नोत्तरी सत्र का भी आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में सभी को बाबा साहेब के आदर्शों को अपनाने और समानता व न्याय की भावना को आगे बढ़ाने का संकल्प दिलाया गया। इस अवसर पर स्कूल कोऑर्डिनेटर अंकित अवस्थी , नीरज, निशु शर्मा, रामजी दुबे , अनुज तिवारी , पूजा व रेखा रहीं।

## न्यूज ब्रीफ

### अशोक शुक्ला रेलवे के अधिवक्ता बने



**हमीरपुर।** पूर्व शासकीय अधिवक्ता अशोक कुमार शुक्ला रेलवे विभाग के मुकदमों की पैरवी के लिए उत्तर मध्य रेलवे शाखा प्रयागराज डीजीएम द्वारा रेलवे अधिवक्ता बनाया गया है। रेलवे अधिवक्ता बनाए जाने पर जनपद के अधिवक्ताओं और उनके साथियों ने मिलकर और सोशल मीडिया में जमकर बधाई दी।

### केला विक्रेता बनकर ऑनलाइन ठगी

**सुमेरपुर।** कस्बे के नई बस्ती निवासी शिक्षिका संध्या त्रिपाठी पत्नी मुकेश कुमार ने बताया कि बच्चों के मिड-डे मील के लिए केले मंगवाने थे। विदोखर के अश्वनी ने केला सप्लाई का झांसा देकर 330 रुपये ऑनलाइन ट्रांसफर करा लिया। उसने केले नहीं पहुंचाया और टालने लगा। काफी देर बाद संदेह होने पर यूपी 112 नंबर पर मदद मांगी। आरक्षी जगत पटेल पहुंचे और आरोपी से पैसे वापस दिलवाए।

### युवक पर अपहरण करने का आरोप

**राठ।** पठानपुरा निवासी सुखवती ने बताया कि जरिया थाना क्षेत्र के उमरिया का एक युवक उसकी भाभी पूजा का अपहरण कर ले गया है। उसकी भाभी मानसिक रूप से कमजोर है और भैया बीमार रहते है। उसे आशंका है कि उसने कहीं बेच दिया है। उसने कोतवाली सहित अधिकारियों से ऑनलाइन शिकायत की, लेकिन कुछ नहीं हुआ। पीड़ित महिला ने विधायक व कोतवाली पुलिस से बरामदगी की गुहार लगाई है।

### कुत्ते के हमले में वृद्ध गंभीर रूप से घायल

**मौदहा।** जालौन जनपद के कुसमरा निवासी धनीराम (58) सोमवार को कस्बे के शिवपुरी मोहल्ले अपने रिश्तेदार विजय के घर आए थे। दोपहर में जब वह गांधी विद्यालय वाली गली से गुजर रहे थे, तभी एक कुत्ते ने पीछे से उन पर हमला कर दिया। पैर में गहरे जख्म कर दिए। चीख-पुकार सुनकर आसपास से गुजर रहे राहगीर मदद के लिए दौड़े। लोगों के शोर मचाने और ललकारने पर कुत्ता भागा। लोगों ने घायल धनीराम को तत्काल कस्बे के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया, जहां उसकी हालत में सुधार बताया जा रहा है।

### भाकियू के प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत

**बिवांर।** भाकियू के प्रदेश अध्यक्ष हरनाम सिंह वर्मा के दोपहर को मुस्करा की तरफ जाते समय एक दर्जन किसानों ने कस्बे के पाथा देवी मंदिर के पास सड़क में रोक कर बैंड बाजा के साथ माल्यार्पण कर स्वागत किया। इस मौके पर किसान नेता रमेश सिंह ने क्षेत्रीय समस्याओं की जानकारी दी। किसानों की समस्याओं से अध्यक्ष को अवगत कराया। किसानों द्वारा गेहूं खरीद केंद्र की मांग किए जाने पर प्रदेश अध्यक्ष ने फोन से जिलाधिकारी से बातचीत की। इस मौके पर किसान गया प्रसाद प्रजापति, धर्मेंद्र सिंह, बौरा खां, राजू सिंह यादव, हरबंस सिंह, कल्लू यादव, एमपी यादव, रामस्वरूप सहित एक दर्जन किसान मौजूद रहे। कस्बे में करीब एक घंटा रुक कर प्रदेश अध्यक्ष मुस्करा की तरफ चले गए।




प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेते अतिथि। अमृत विचार

## दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण का समापन

**मौदहा।** भाजपा पूर्वी मंडल सिसोलर की ओर से दो दिवसीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान का सोमवार को समापन हुआ। किशनू बाबू शिवहरे डिग्री कॉलेज में आयोजित इस कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष जितेंद्र कुमार पाल ने की। मुख्य अतिथि पूर्व विधायक युवराज सिंह ने कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि मोदी सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाएं। कार्यक्रम में मौजूद जिलाध्यक्ष शकुंतला निषाद ने कार्यकर्ताओं को सक्रियता बढ़ाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता जनता के बीच जाकर घर-घर संपर्क करें और उनकी स्थानीय समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर हल करवाएं। हमारा लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि किसी भी आम नागरिक को सरकारी योजनाओं का लाभ लेने में असुविधा न हो। प्रशिक्षण वर्ग के सफल आयोजन में जिला संयोजक विजय पांडेय और मंडल प्रभारी मुकेश प्रजापति की मुख्य भूमिका रही। वर्ग प्रमुख महेश प्रसाद शुक्ला ने प्रशिक्षण के विभिन्न चरणों की जानकारी साझा की। इस अवसर पर सिद्धार्थ पाठक, सुनील पाठक, जगदीश व्यास आदि मौजूद रहे।

# रात के सन्नाटे में स्थापित कर दी आंबेडकर प्रतिमा

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

- ग्राम समाज की जमीन पर प्रतिमा स्थापित होने से गांव में तनाव
- प्रशासन के पहुंचने पर महिलाएं विरोध कर प्रतिमा की ढाल बनीं

**अमृत विचार।** कोतवाली के औंडेरा गांव में रविवार रात ग्राम समाज की जमीन पर कुछ लोगों ने बिना परमीशन के डॉ.भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा स्थापित कर दी। सोमवार सुबह मामला सामने आने के बाद गांव में तनाव व्याप्त हो गया। सूचना पर जब प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे तो दलित समाज की महिलाएं प्रतिमा के आगे खड़ी होकर ढाल बन गईं। इससे पूरे दिन गांव में तनाव की स्थिति बनी रही।

रविवार की रात कुछ ग्रामीणों ने बाबा साहब भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा ग्राम समाज की जमीन पर स्थापित कर दी। सुबह जब ग्रामीणों को जानकारी हुई तो गांव में तनाव पैदा हो गया। सूचना पर प्रशासन के अधिकारी और राजस्व टीम मौके पर पहुंची और ग्रामीणों को समझाने की कोशिश की कि बिना अनुमति के प्रतिमा स्थापित करना नियम विरुद्ध है। प्रशासन ने जब बाबा साहब की प्रतिमा को हटाने की तैयारी की तो गांव की महिलाएं बाबा साहब की प्रतिमा को बचाने के लिए ढाल बनकर सामने खड़ी हो गईं।

इस दौरान वहां मौजूद महिलाओं ने कहा कि यदि प्रशासन ने प्रतिमा को छुआ भी तो वह आत्मदाह जैसा कदम उठा सकती हैं। इतना ही नहीं, गांव की महिलाएं प्रतिमा के चारों ओर घेरा बनाकर जमीन पर बैठ गईं।

फिलहाल गांव में तनाव की स्थिति है और भारी पुलिस बल तैनात है। देर शाम तक प्रशासन महिलाओं को समझाने-बुझाने का प्रयास करता रहा।



डॉ.भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा की ढाल बनकर खड़ीं महिलाएं। अमृत विचार



आंबेडकर प्रतिमा की सफाई करते जनप्रतिनिधि। अमृत विचार

### जनप्रतिनिधियों ने चलाया सफाई अभियान

**राठ।** 14 अप्रैल को मनाई जाने वाली भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती के पूर्व जनप्रतिनिधियों ने प्रतिमा की सफाई की। सोमवार को विधायक मनीषा अनुरागी, जिला पंचायत अध्यक्ष जयंती राजपूत, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीनिवास बुधौलिया आदि ने आंबेडकर जयंती से एक दिन पहले अंबेडकर चौराहा व रविदास धर्मशाला में स्थित बाबा साहब की प्रतिमाओं की धुलाई व सफाई की। इस दौरान उन्होंने लोगों से अपील की कि वे संविधान का पालन करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलकर देश की उन्नति में भागीदार बने। जयंती की पूर्व संध्या के मौके पर भाजपा की नगर इकाई ने बाबा साहब की मूर्तियों के सामने दीप प्रज्वलन कर अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किये। अमरचंद अनुरागी, भाजपा मंडल अध्यक्ष महेंद्र गांधी, महामंत्री मुकेश गुप्ता व दीपू मुंशी, विक्रम नगायच, जगदीश राजपूत, ममता रवि गुप्ता, ज्योति गुप्ता, पूर्व सभासद मनीष सोनी, अनुज सक्सेना, राजेंद्र आजाद आदि मौजूद रहे।

# पेट्रोल लेकर थाने पहुंचा घायल तब पुलिस ने लिखी एफआईआर

## बिवांर के बस स्टाप पर पड़ोसी ने युवक पर चाकू से हमला कर किया लहूलुहान

संवाददाता, बिवांर (हमीरपुर)

- कार्रवाई का इंतजार करने के बाद रात में पेट्रोल लेकर पहुंचा पीड़ित
- पुलिस ने फौरन लिखी रिपोर्ट, फिर आरोपी युवक को किया गिरफ्तार

**अमृत विचार।** रविवार शाम बस स्टॉप आए युवक के साथ पड़ोसी युवक ने रंजिश के चलते अभद्रता करते हुए मारपीट शुरू कर दी और फिर चाकू से हमला कर घायल कर दिया। पुलिस की ओर से रिपोर्ट न दर्ज करने पर युवक पेट्रोल लेकर थाने पहुंचा और अपने ईपर डालकर आत्मदाह की धमकी दी, जिसके बाद पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की और फिर उसे गिरफ्तार कर चालान कर दिया।

कस्बे के मिनी ब्लॉक निवासी रावेंद्र उर्फ कल्लू पुत्र शिवराम यादव ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि पड़ोसी गुल्लू उर्फ सत्येंद्र पुत्र शिवराज श्रीवास से रंजिश चल रही है। रविवार की शाम 7:00 बजे के करीब वह पुराने बस स्टॉप गया था, जहां पहले से मौजूद सत्येंद्र उसे मिल गया। उसे देखकर सत्येंद्र अभद्रता करने लगा। विरोध करने पर थप्पड़-घूंसे बरसाते हुए मारपीट शुरू कर दी और फिर चाकू से हमला कर घायल कर दिया। शोर सुनकर आसपास के लोग दौड़कर पहुंचे और बीच-बचाव कर उसकी जान बचाई। इसके बाद आरोपी युवक जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गया। हमले के बाद उसने परिवार वालों को जानकारी दी और फिर रात में ही थाने पहुंचकर तहरीर दी, लेकिन पुलिस ने एफआईआर दर्ज नहीं की। इसके बाद पीड़ित युवक बोतल में पेट्रोल लेकर रात करीब एक बजे थाने पहुंच गया और अपने ऊपर पेट्रोल डालकर आत्मदाह करने की धमकी देने लगा। इसके बाद आराम से सोई पुलिस ने रात में ही तहरीर के आधार पर आरोपी युवक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली और घायल युवक को छानी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाकर उपचार कराया। एसआई अंकित बैसला ने बताया कि आरोपी युवक सत्येंद्र को गिरफ्तार कर चालान कर दिया गया है। पूरे मामले की जांच-पड़ताल की जा रही है।

### खेत में बकरियां चरा रहे चरवाहे को पीटा

**राठ।** कोतवाली क्षेत्र के मवई गांव में खेत में बकरियां चरा रहे एक चरवाहे को गांव के तीन लोगों ने लाठी डंडों से जमकर पीटा। घायल ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है। मवई गांव निवासी मोहनलाल पुत्र हरप्रसाद ने बताया कि वह खेतों में अपनी बकरियां चरा रहा था। तभी गांव के इमरत, जीतेंद्र और मुन्नी लाठी डंडे लेकर उसके पास आए और उसे गालियां देने लगे। जब उसने गाली गलौज का विरोध किया तो तीनों आरोपियों ने मिलकर उसे जमकर पीटा। मोहनलाल के सिर में चोटें आई हैं। आरोपियों ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी। कोतवाल ने बताया कि घटना की जांच-पड़ताल की जा रही है। प्रारंभिक जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

## हार्वेस्टर की चिंगारी से 30 बीघे गेहूं राख

**सुमेरपुर।** सोमवार को सुबह क्षेत्र के टेढ़ा गांव में गेहूं की फसल काटते समय हार्वेस्टर से निकली चिंगारी से आग लग गई। आग ने चंद मिनटों में 30 बीघे में खड़ी गेहूं की फसल को अपनी आगोश में लेकर राख कर दिया। करीब 8 लाख रुपये की फसल जलने का अनुमान लगाया जा रहा है।

खेतों में कार्य कर रहे किसानों ने आग आगे बढ़ने से रोका और खड़ी फसल को ट्रैक्टर से जोत कर आग बुझाई। किसान का आरोप है कि सूचना के एक घंटे बाद फायर दस्ता पहुंचा तब तक आग कंट्रोल हो चुकी थी। सुबह करीब 10 बजे रामकिशोर सिंह के खेत में गेहूं फसल की कटाई करते समय हार्वेस्टर की चिंगारी से आग लग गई। आग ने तेज हवा के साथ विकराल रूप धारण कर लिया और देखते ही देखते 30 बीघे में खड़ी गेहूं की फसल खाक कर दिया। किसान का आरोप है कि सूचना देने के 1 घंटा 5 मिनट बाद फायर दस्ता घटना स्थल पर पहुंचा तब तक किसानों ने एकत्र होकर आग पर नियंत्रण कर लिया था।



मौदहा के खरीद केंद्र में गेहूं की तौल करते मजदूर। अमृत विचार

# चार केंद्रों में हुई 6283 क्विंटल गेहूं की तौल

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

- पुलिस द्वारा सीज कर खड़े कराए गए ट्रक केंद्र में बन रहे बाधा

**अमृत विचार।** किसानों का गेहूं खरीदने के लिए प्रशासन की ओर से कस्बे में चार खरीद केंद्र बनाए गए हैं, जिनमें अभी तक 6283 क्विंटल गेहूं की तौल की जा चुकी है। जबकि शाम तक साढे छह हजार क्विंटल गेहूं की तौल होने का अनुमान है। वहीं एक साथ चल रहे दो खरीद केंद्रों के बाहर पुलिस की ओर से सीज कर खड़े कराए गए ट्रक बाधा उत्पन्न कर रहे हैं।

किसानों का गेहूं उच्च दरों पर खरीदने के लिए सरकार ने विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी चार खरीद केंद्र बनाए हैं। जिनमें एफसीआई और भारतीय खाद्य निगम के केंद्रों की संयुक्त तौल की जा रही है। जिनमें अभी तक कुल 1674 क्विंटल गेहूं की तौल हो चुकी है। जबकि शाम तक 1800 क्विंटल गेहूं की तौल होने का अनुमान है। वहीं केंद्र के बाहर कोतवाली पुलिस द्वारा सीज कर खड़े कराए गए ट्रकों के कारण जहां गेहूं तोलने के लिए जगह की कमी हो रही है।

वहीं किसानों के ट्रैक्टर दूर खड़े होने से किसानों को भी परेशानी हो रही है। वहीं खाद्य निगम द्वारा संचालित गेहूं खरीद केंद्र में अब तक 2387 क्विंटल गेहूं की तौल की जा चुकी। जबकि सहकारी क्रय विक्रय गेहूं खरीद केंद्र में भी 2222 क्विंटल गेहूं की तौल पूरी हो चुकी है। वहीं अनुमान लगाया जा रहा है कि जिस तरह से गेहूं की तौल की जा रही है तो मंगलवार तक यह आंकड़ा सात हजार क्विंटल के पार जा सकता है।



जयंती के एक दिन पहले मौदहा में बाइक रैली निकालते लोग। अमृत विचार

### जयंती की पूर्व संध्या पर निकली बाइक रैली

**मौदहा।** भारतीय संविधान के शिल्पकार भारत रत्न डॉ.भीमराव अंबेडकर की जयंती की पूर्व संध्या पर कस्बे में उत्साह और उमंग का सैलाब उमड़ पड़ा। विभिन्न सामाजिक संगठनों और युवा समितियों की ओर से नीली क्रांति बाइक रैली निकाली गई, जिसमें हजारों की संख्या में युवाओं और नागरिकों ने हिस्सा लिया। मुख्य अतिथि ने बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के बाद हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली के दौरान पूरा मार्ग नीले ध्वजों और जय भीम के नारों से गूंजता रहा। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि इस रैली का मुख्य उद्देश्य बाबा साहब के विचारों को जन-जन तक पहुंचाना और समाज में समानता व भाईचारे का संदेश देना है। रैली के मद्देनजर पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए थे। मंगलवार को जयंती समारोह आयोजित किया जाएगा, जिसकी तैयारी के रूप में आज रैली निकाली गई।

## थ्रेसर में फंसकर युवती गंभीर रूप से घायल

**मौदहा।** रविवार देर शाम गेहूं की मड़ाई के दौरान एक दर्दनाक हादसा हो गया। थ्रेसर की चपेट में आने से एक 20 वर्षीय युवती गंभीर रूप से घायल हो गई। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसकी नाजुक हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

कोतवाली क्षेत्र के छिरका गांव निवासी राजेश कुमार रविवार को अपने खेत में परिवार के साथ थ्रेसर से गेहूं की कतराई कर रहे थे। काम के दौरान उनकी पुत्री सोनम (20) का दुपट्टा अचानक थ्रेसर के घूमने वाले हिस्से में फंस गया। जब तक मशीन को बंद किया जाता, तब तक सोनम उसकी चपेट में आकर बुरी तरह लहूलुहान हो गई। चीख-पुकार सुनकर मौके पर मौजूद स्वजनों ने मशीन बंद की और घायल युवती को तुरंत कस्बे के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां सोनम की हालत में सुधार न होने पर चिकित्सकों ने सदर अस्पताल रेफर कर दिया।

## क्षेत्र पंचायत की बैठक कल

**सुमेरपुर।** क्षेत्र पंचायत बोर्ड की बैठक आगामी 15 अप्रैल को सुबह 11 बजे से ब्लाक प्रमुख जयनरायन यादव की अध्यक्षता में ब्लाक सभागार में शुरू होगी। बैठक में प्रमुख रूप से स्वास्थ्य, शिक्षा, सिंचाई, बिजली और जिला आपूर्ति विभाग के साथ अन्य मुद्दों पर चर्चा होगी। यह जानकारी खंड विकास अधिकारी की ओर से जारी किए गए एजेंडे में दी गई है।


## कार्यालय नगर पंचायत मऊ, जनपद–चित्रकूट

पत्रांक–978 / न0पं0 मऊ/2026–27 दिनांक: 13 अप्रैल, 2026

**अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

एतद द्वारा जनपद के समस्त भूसा व्यवसायियों, दुकानदारों एवं नगर पंचायत में पंजीकृत फर्मो/ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत मऊ जनपद चित्रकूट में गौशाला में संरक्षित गौवंशीय पशुओं के भरण पोषण हेतु वित्तीय वर्ष 2026–27 के लिए विभिन्न सामग्रियों की आपूर्ति किये जाने के लिए सीलबंद निविदाएं दिनांक 13/4/26 से दिनांक 22/4/26 तक अपरान्ह 02.00 बजे तक कार्यालय नगर पंचायत मऊ में आमंत्रित की जाती है, जो उसी दिनांक 22/4/26 को 03.00, उपस्थित ठेकेदारों के समक्ष नगर पंचायत कार्यालय में खोली जाएगी। निविदाओं की बिक्री दिनांक 14/4/26 से 21/4/26 तक कार्यालय कार्य दिवस में पंचायत कार्यालय में की जाएगी। निविदा के साथ ठेकेदारों / फर्मो को निविदा मूल्य (टेण्डर फार्म) की धनराशि नगद के रूप में कार्यालय में जमा करते हुए उसकी रसीद / पावती की प्रति निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा। कार्यो से सम्बन्धित नियम/शर्तो आदि की जानकारी नगर पंचायत कार्यालय से कार्य दिवस में कभी भी प्राप्त की जा सकती है।

**निविदा से सम्बन्धित विवरण निम्नवत है :–**

| कम संख्या | सामग्री का विवरण | धरोहर धनराशि | निविदा शुल्क |
|---|---|---|---|
| 1 | भूसा | 50000.00 | 2000.00 |
| | हरा–चारा | | |
| | साइलेज | | |
| 2 | आटा–चोकर | 25000.00 | 2000.00 |
| | गुड, नमक | | |
| | खरी / पशु आहार | | |

नियम एवं शर्ते रू–
1. गौवंशीय पशुओं के भरण–पोषण हेतु क्रम संख्या 01 एवं 02 में उल्लिखित समाग्रियों की आपूर्ति हेतु निविदा अलग–अलग डाली जा सकती है।
2. निर्धारित धरोहर धनराशि जमा करने वाली फर्मो/ आपूर्तिकर्ताओं की निविदाओं पर ही विचार किया जायेगा।
3. जमानत धरोहर धनराशि वित्तीय वर्ष 2026–27 की समाप्ति उपरान्त ही वापस की जायेगी।
4. निविदा की धरोहर धनराशि नगद नगर पंचायत मऊ के टाउन फण्ड खाता संख्या–40050347025 आई0एफ0एस0सी0 कोड नं0 SBIN0011205 अथवा कार्यालय एम0ए0सी0–5 के माध्यम से जमा किया जा सकता है।
5. निविदा से सम्बन्धित अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

**अधिशाषी अधिकारी**
**नगर पंचायत मऊ**
**जनपद-चित्रकूट।**

**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत मऊ**
**जनपद-चित्रकूट।**


टॉक शो विद आइडल्स | कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुआ कार्यक्रम, प्रधानमंत्री का लाइव प्रसारण दिखाया गया

# नारी शक्ति वंदन के आइडल बने प्रधानमंत्री



कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद आंगनबाड़ी कार्यकत्री। अमृत विचार



नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम में मौजूद भाजपाई महिलाएं। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में मिशन शक्ति 5.0.2 के अंतर्गत "नारी शक्ति वंदन सम्मेलन एवं टॉक शो विथ आइडल्स का आयोजन किया गया। शुभारंभ प्रधानमंत्री के लाइव प्रसारण के साथ किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप जिलाधिकारी घनश्याम मीणा, जिला प्रोबेशन अधिकारी राजीव कुमार सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी इंद्रपाल सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों की सक्रिय सहभागिता रही। सहायता समूहों की महिलाएं, बाल विकास विभाग से आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां, महिला कल्याण विभाग के हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ वूमेन, जिला बाल संरक्षण इकाई, वन स्टॉप सेंटर एवं चाइल्ड हेल्पलाइन के कार्मिकों ने प्रतिभाग किया। सम्मेलन के दौरान महिला सुरक्षा, सशक्तिकरण एवं आत्मनिर्भरता से संबंधित विभिन्न विषयों पर जानकारी प्रदान की गई तथा महिलाओं को उनके अधिकारों एवं सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को सशक्त, सुरक्षित एवं आत्मनिर्भर बनाना तथा समाज में उनकी भागीदारी को सुदृढ़ करना रहा।

## नारी शक्ति वंदन से सशक्त होंगी महिलाएं

- भाजपा कार्यालय में शक्ति वंदन कार्यक्रम का सीधा प्रसारण

**हमीरपुर।** भाजपा जिला कार्यालय में जिलाध्यक्ष शकुंतला निषाद के नेतृत्व में नारी शक्ति वंदन अधिनियम अभियान का लाइव प्रसारण देखा गया। कहा गया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में महिला सशक्तिकरण के प्रयास हुए हैं।

नारी शक्ति वंदन अधिनियम से महिलाएं सक्षम होंगी। जिला पंचायत अध्यक्ष जयंती राजपूत, राठ विधायक मनीषा अनुरागी, पूर्व विधायक अम्ब्रेश कुमारी उपस्थित रहीं। जिला मीडिया प्रभारी अरविंद श्रीवास्तव ने बताया कि कार्यक्रम में लगभग 150 महिलाएं प्रधानमंत्री का लाइव प्रसारण सुनने पहुंचीं।

कार्यक्रम में महामंत्री लक्ष्मी रतन साहू, जिला उपाध्यक्ष आराधना राजपूत, जिला मंत्री ओमेश सिंह, अभिषेक तिवारी, प्रीति द्विवेदी, कुमार दीक्षित, सीमा वर्मा, मधु गुरुदेव, आशा त्रिवेदी, हिना परवीन, उमा दीक्षित आदि उपस्थिति रहीं।

## न्यूज ब्रीफ

### वाहन की टक्कर से होमगार्ड की मौत

**महोबा।** चरखारी थाना क्षेत्र के रिवई निवासी फूलचंद्र अहिरवार (50) होमगार्ड था। रविवार रात बाइक पर ड्यूटी करने जा रहा था, तभी जरौली तिगैला के समीप वाहन से उसे टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने उसे जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां हालत गंभीर होने पर परिजन ग्वालियर मेडिकल कालेज ले गए, जहां उपचार दौरान फूलचंद्र की मौत हो गई। मौत के बाद पत्नी लक्ष्मी और बच्चे रोते-बिलखते रहे। पुलिस वाहन की तलाश में सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है।

### पुलिस ने 26 वारंटी अभियुक्त पकड़े

**महोबा।** एसपी शशांक सिंह के निर्देश पर विशेष अभियान चलाते हुए जिले की पुलिस ने 26 वारंटियों को गिरफ्तार किया है। सदर कोतवाली पुलिस ने 6, पनवाड़ी 7, चरखारी 3, अजनर 3, कुलपहाड़ 2, कबरई 2 और खरेला, श्रीनगर पुलिस ने एक एक वारंटी को पकड़ा है। पकड़े गए अभियुक्तों में भूपेंद्र, इंद्रपाल, शिवनारायण, अरुण कुमार, ज्ञान सिंह, सतीश गुप्ता, रऊफ अहमद, सुबे, हरिश्चंद्र, मथुरा प्रसाद, मंगल राजपूत, धनीराम आदि शामिल हैं।

### पति-पत्नी के बीच का विवाद खत्म कराया

**महोबा।** पनवाड़ी क्षेत्र के महुआ गांव निवासी अंजू ने मिशन शक्ति केंद्र में शिकायत दर्ज कराई थी कि उसका पति चंद्रप्रकाश अहिरवार आएदिन जरा-जरा सी बात पर विवाद करता है, जिससे वह मानसिक रूप से परेशान है। दोनों पक्षों को कुलपहाड़ थाने बुलाया गया, जहां मिशन शक्ति केन्द्र में उनकी काउंसिलिंग की गई। दोनों की बातों को गंभीरता से सुना गया, जिसमें यह तथ्य सामने आया कि कई बार उनके बीच विवाद हो चुका है। दोनों पक्षों को आपसी समझ और पारिवारिक सामंजस्य बनाए रखने के लिए समझाया गया। काउंसिलिंग के बाद पति-पत्नी आपसी सहमति से साथ रहने और भविष्य में विवाद न करने पर सहमत हुए। पति ने परिवार के सभी खर्चे पूरे करने का आश्वासन दिया।

# सच्चे भक्तों की रक्षा करते भगवान

संवाददाता, कुलपहाड़ (महोबा)


भागवत कथा की अमृत वर्षा से सराबोर हुए श्रद्धालु। अमृत विचार

**अमृत विचार।** नगर के बाघ विराजन धाम में पंडित नरेंद्र दुबे के सानिध्य चल रही श्रीमद्भागवत कथा में व्यास अवध कृष्ण महाराज ने श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन किया। दिव्य लीलाओं के वर्णन से पांडाल नंद के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की' के जयकारों से गूंज उठा।

कथा व्यास ने गोवर्धन लीला का वर्णन करते हुए कहा कि बृजवासी इंद्र को प्रसन्न करने के लिए यज्ञ की तैयारी कर रहे थे। भगवान श्रीकृष्ण के पूछने पर नंद बाबा ने कहा कि अगर हम इंद्र के लिए यज्ञ नहीं करेंगे तो इंद्र देवता वर्षा नहीं करेंगे। कृष्ण ने ब्रजवासियों को इंद्र के बजाय गोवर्धन पर्वत की पूजा करने को कहा, जिससे क्रोधित होकर इंद्र ने मूसलाधार बारिश की। कृष्ण ने तब गोवर्धन पर्वत को उंगली पर उठाकर ब्रजवासियों की रक्षा की। महाराज ने कहा कि यह कथा श्रीकृष्ण द्वारा इंद्र का अहंकार तोड़ने और प्रकृति की पूजा के महत्व को स्थापित करने से जुडी है। कथा वाचक ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने कंस के अत्याचारों से जनता को मुक्ति दिलाने के लिए अवतार लिया। कथा व्यास ने श्रीकृष्ण की लीलाओं का वर्णन करते हुए पूतना वध, कालिया नाग दमन और माखन चोरी की लीलाओं के माध्यम से बताया कि भगवान अपने भक्तों की सदैव रक्षा करते हैं। उन्होंने कहा कि भगवान की भक्ति से जीवन के सभी कष्ट दूर हो जाते हैं और मनुष्य को सच्चे मार्ग की प्राप्ति होती है। श्रीकृष्ण की लीलाएं हमें प्रेम, करुणा और सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती हैं।

# खनिज वाहनों की होगी सघन जांच

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- कलेक्ट्रेट सभागार में डीएम ने खनिज प्रवर्तन दल की बैठक की
- प्रवर्तन दल को ईमानदारी के साथ ड्यूटी करने के दिए निर्देश

**अमृत विचार।** कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई खनिज प्रवर्तन दल की बैठक में खनिज प्रवर्तन दल को अपनी ड्यूटी नियामनुसार और समय पर निर्धारित स्थान पर करने के निर्देश दिए गए। कानपुर रोड कबरई में स्थापित जांच चौकी और बांध रोड में कबरई में स्थापित जांच चौकी पर ड्यूटी में लगाए गए अधिकारी व कर्मचारी उप खनिज परिवहन के लिए जारी ई-एमएम 11, ई-फार्म सी और अन्य प्रदेशों से आने वाले खनिज के ईटीपी व आईएसटीपी का सत्यापन करते हुए वाहनों की सघन जांच करने के निर्देश दिए गए।


बैठक में जरूरी दिशा-निर्देश देतीं जिलाधिकारी गजल भारद्वाज। अमृत विचार

बैठक में जिलाधिकारी गजल भारद्वाज ने जांच दौरान ओवर लोड, बिना नंबर प्लेट, बिना खनिज परिवहन प्रपत्र के वाहनों को संबन्धित अधिकारी, ड्यूटी अधिकारी वाहन को सीज कर संबन्धित पुलिस थाने के अभिरक्षा में दिए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने ड्यूटी अधिकारी को अपने गन्तव्य स्थान पर आने व जाने के समय व चेक किए गए वाहनों की संख्या को टास्कफोर्स ग्रुप में भेजे जाने की कार्रवाई किए जाने के निर्देश दिए।

बैठक में पट्टाधारक व क्रशर संचालको के साथ खनिज परिवहन नियमानुसार कराए जाने के भी आदेश जारी किए है। जिला पंचायत की वसूली चौकियों को नियामनुसार कार्रवाई करने के लिए जिला पंचायत को निदेर्शित किया गया साथ ही इसमे किसी भी तरह की लपरवाही बरतने पर जोर दिया। बैठक में पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह, अपर जिलाधिकारी कुंवर पंकज, अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह, पुलिस क्षेत्राधिकारी सदर अरूण कुमार, उपजिलाधिकारी सदर शिवध्यान पांडेय और ज्येष्ठ खान अधिकारी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# सपा ने उठाई किसानों की आवाज

## फसल बर्बादी को लेकर तहसील में प्रदर्शन, तहसीलदार को ज्ञापन देकर मुआवजे की मांग उठाई

कार्यालय संवाददाता, महोबा


तहसील में ज्ञापन देने पहुंचे सपा नेता। अमृत विचार

- मुख्यमंत्री के नाम पार्टी की ओर से 4 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा गया
- सांसद अजेंद्र सिंह लोधी के नेतृत्व में बुलंद की गई आवाज

**अमृत विचार।** जिले की किसानों की आंधी-तूफान, असमय बारिश और ओलावृष्टि के चलते बर्बाद हुई फसलों का मुआवजा दिलाए जाने को लेकर अब समाजवादी पार्टी अब सड़क पर उतर आई है। सोमवार को किसानों को बर्बाद फसल का मुआवजा दिलाने की आवाज बुलंद करते हुए सांसद अजेंद्र सिंह लोधी और जिलाध्यक्ष शोभालाल यादव के नेतृत्व में सपाईयों ने जोरदार प्रदर्शन करते हुए सदर तहसील पहुंचकर मुख्यमंत्री को संबोधित चार सूत्रीय ज्ञापन तहसीलदार को सौंपाकर मांगे मुआवजे की मांग की।

प्रदर्शन दौरान सपा सांसद अजेंद्र सिंह लोधी ने सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि जिले में हुई असमय बारिश और अन्य प्राकृतिक आपदाओं के चलते किसानों को लगभग 80 प्रतिशत का नुकसान उठाना पड़ा, बावजूद इसके सरकार ओर ध्यान नहीं दे रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि किसानों की आय दोगुनी करने का दावा केवल कागजों और बयानों तक सीमित है। पूर्व मंत्री दद्दू प्रसाद ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्देश पर पूरी पार्टी किसानों के सम्मान में मैदान में है और तत्काल मुआवजे की मांग कर रही है। कहा कि ओलावृष्टि और बारिश ने अधिकांश किसानों की गेहूं सहित अन्य रबी की फसलों पूरी तरह चौपट कर दिया है, जिससे कई गांव के किसानो के समक्ष खाद्यान्न का संकट उत्पन्न हो गया है।

समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष शोभालाल यादव ने कहा कि सरकारी खरीद केंद्रों पर किसानों के बजाय व्यापारियों का अनाज खरीदा जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि बारदाने की कमी का बहाना बनाकर असली किसानों को टरकाया जा रहा है। सपाईयों ने बिचौलियों द्वारा बीमा राशि हड़पने का मुद्दा भी जोरदान तरीके से उठाया। प्रदर्शन के बाद समाजवादी पार्टी ने सदर तहसील में मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार को को सौंपकर चार प्रमुख मांगें रखी।

मांगों में प्रभावित खेतों का पारदर्शी और प्रामाणिक सर्वे कराने, पंचायतवार क्षतिपूर्ति सूची समयबद्ध तरीके से जारी करने, मुआवजे की राशि सीधे और जल्द से जल्द किसानों तक पहुंचाने आदि शामिल है। प्रदर्शन के दौरान सपा जिला उपाध्यक्ष प्रेम विश्वकर्मा, मनोज तिवारी, कप्तान सिंह राजपूत, ताहिर उद्दीन सिद्दीकी, राजकुमार अहिरवार, प्रान सिंह आदि सपा नेता और कार्यकर्ता शामिल रहे।

### स्मार्ट मीटर न हटाने पर सपा करेगी आंदोलन

- समाजवादी पार्टी के पदाधिकारियों ने जहां एक ओर किसान की फसल बर्बादी के साथ ज्वलंत समस्याओं का मुद्दा उठाया, वहीं दूसरी ओर जिले के बिजली उपभोक्ताओं के घरों में जबरन मीटर बदलकर स्मार्ट मीटर लगाए जाने से हो रही बिजली बिल की बढोत्तरी की समस्या को भी उठाया गया है। सपाईयों ने ज्ञापन में मांग उठाई है कि जनपद के समस्त विद्युत उपभोक्ताओं के घरों में लगाए गए स्मार्ट मीटरों को तत्काल हटाया जाए। सपा नेताओं ने चेतावनी देते हुए कहा कि कि यदि जल्द से जल्द घरों में लगाए गए स्मार्ट मीटर नहीं हटाए जाते तो समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता सड़क पर उतरकर आंदोलन करने को मजबूर हो जाएंगे।

# डॉ. भीमराव आंबेडकर के विचार समानता पर केंद्रित

कार्यालय संवाददाता महोबा

- सरस्वती विद्या मंदिर विद्यालय में डॉ. भीमराव की जयंती पर गोष्ठी

**अमृत विचार।** शहर के सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में सोमवार को डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती पर गोष्ठी हुई, जिसमें विद्यालय के संगीताचार्य जगप्रसाद तिवारी ने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर के विचार समानता, शिक्षा, और सामाजिक न्याय पर केंद्रित थे, जिन्होंने भारतीय समाज को नई दिशा दी। उनके 10 अनमोल विचार आज भी प्रासंगिक हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो, ज्ञान ही व्यक्ति के जीवन का आधार है और संघर्ष के बिना अधिकार नहीं मिलते। जीवन लंबा होने के बजाय महान होना चाहिए।

उन्होंने कहा कि संविधान केवल वकीलों का दस्तावेज़ नहीं है, यह जीवन का एक माध्यम हैः यह राष्ट्र को न्याय, स्वतंत्रता और समानता के पथ पर ले जाने वाला मार्गदर्शक है। आचार्य जयनारायण तिवारी ने सभी को डॉ. भीम राव अम्बेडकर के विषय में जानकारी देते हुए कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर भारतीय संविधान के मुख्य शिल्पकार, विधिवेत्ता, अर्थशास्त्री और महान समाज सुधारक थे। महू (म.प्र.) में जन्मे अंबेडकर ने दलितों, महिलाओं और श्रमिकों के अधिकारों के लिए आजीवन संघर्ष किया। आचार्य अरुण कुमार श्रीमाली ने कहा कि डॉ. भीमराव की यादगार कहानी उनके संघर्ष और सफलता की मिसाल है। महार जाति में जन्म लेने के कारण उन्हें बचपन में भारी भेदभाव सहना पड़ा, कक्षा के बाहर बैठकर पढ़ाई की और पानी पीने के लिए दूसरों पर निर्भर रहना पड़ा। इस अपमान के बावजूद, उन्होंने शिक्षा के बल पर कानून के विशेषज्ञ बनकर भारत का संविधान रचा और शोषित समाज को हक़ दिलाया।

# नोडल अधिकारी ने सोलर पंप देखे

कार्यालय संवाददाता, महोबा


खेत पर लगे सोलर पंप का निरीक्षण करते नोडल अधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** पीएम कुसुम सोलर पंप योजना के तहत श्रीनगर क्षेत्र में लगाए गए सोलर पंपों का अपर कृषि निदेशक ने टीम के साथ निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान खेतों पर लगे सोलर पंपों की स्थिति की जानकारी लेते हुए समस्याओं के बारे में किसानों से पूछा।

पीएम कुसुम सोलन पंप योजना के नोडल अधिकारी एवं अपर कृषि निदेशक डॉ. एलबी सिंह ने थाना श्रीनगर क्षेत्र के मिरतला सहित करीब आधा दर्शन गांवों का भ्रमण कर पीएम कुसुम सोलर पंप लाभार्थी किसानों के प्रक्षेत्र पर लगे सोलरपंपों का निरीक्षण किया। उन्होंने निरीक्षण में पाया कि यह योजना किसानों को डीजल पंपों से मुक्ति दिलाकर कम लागत में सिंचाई और अतिरिक्त आय प्रदान कर रही है। इस मौके पर गांव के महेशचंद्र राजपूत के फार्म हाउस पर जाकर कृषि विभाग के अनुदानित कस्टम हायरिंग सेंटर को देखा। नोडल अधिकारी ने बताया कि सोलर पंप योजना के माध्यम से किसान बिजली पर निर्भरता कम कर आत्मनिर्भर बन रहे हैं। सरकार की इस योजना के तहत किसानों को 60 प्रतिशत तक अनुदान दिया जा रहा है, जिससे सिंचाई की लागत में कमी आई है और आमदनी में बढ़ोतरी हुई है।

अपर कृषि निदेशक ने किसानों को जागरूक करते हुए बताया कि यह योजना दिन के समय सिंचाई की सुविधा उपलब्ध कराकर खेती को सरल और प्रभावी बना रही है। उन्होंने किसानों को खेती की लागत कम करने और आय बढ़ाने के लिए नई तकनीकों के उपयोग पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि कृषि यंत्रों पर सरकार द्वारा 40 से 50 प्रतिशत तक अनुदान दिया जा रहा है। इस दौरान उन्होंने किसानों को फार्मर रजिस्ट्री में पंजीकरण की अनिवार्यता के बारे में भी जागरूक किया। उन्होंने जानकारी दी कि वित्तीय वर्ष 2026-27 में जिले में सोलर पंप स्थापना का लक्ष्य बढ़ाया गया है, जिससे अधिक से अधिक किसान इसका लाभ उठा सकें। इस मौके पर कृषि विभाग से योजना प्रभारी डॉ. हरी प्रकाश नामदेव सहित तमाम किसान मौजूद रहे।

# शिविर में 104 मरीजों की जांच कर दीं दवाएं

संवाददाता, बेलाताल (महोबा)

- शिविर में आधा दर्जन ग्रामीणों के बनाए गए आयुष्मान कार्ड

**अमृत विचार।** जैतपुर ब्लाक के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अजनर, खमा में सीएचसी अधीक्षक डॉ. पीके सिह की देखरेख में शिविर में डाक्टरों की दो टीम ने 104 मरीजों का चेकअप कर निशुल्क दवाओं के साथ स्वास्थ्य संबन्धी सलाह दी। टीम ने आयुष्मान कार्ड भी बनाए।

अजनर आरोग्य मंदिर में लगे शिविर में डॉ. रामकुमार, टेक्नीशियन शैलेन्द्र, आयुष्मान मित्र उमेश और स्टाफ नर्स भगवती की ने 53 मरीजों का पंजीकरण करने के बाद जांच की। जांच के बाद सभी को चिकित्सीय परामर्श और दवाएं उपलब्ध कराई गईं। खमा में डॉ. प्रेम नारायण शर्मा और डॉ. जेपी पास्तोर के साथ स्टाफ नर्स किरन भानकुंवर, उमा और माया ने 51 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। जांच के बाद मरीजों को दवाएं दी गईं। शिविर में करीब आधा दर्जन ग्रामीणों के आयुष्मान बनाए गए। सीएचसी अधीक्षक ने अजनर और खमा के शिविर का निरीक्षण किया। उन्होंने टीम को सभी आए मरीजों का संतोषजनक चेकअप कर उनसे स्वास्थ्य संबन्धी जानकारी हासिल कर आवश्यकानुसार निशुल्क दवाएं देने के निर्देश दिए साथ ही दवा का स्टाक कम होने पर तत्काल दवाएं मंगवाने जाने को कहा। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने गर्मी के मौसम मेंपर्याप्त पानी पीकर शरीर को हाइड्रेटेड रखने की सलाह दी साथ ही हल्के रंग के सूती कपड़े पहनने और दोपहर के समय घर से बिना काम के बाहर न जाने के साथ ही नींबू पानी, छाछ और नारियल पानी जैसे तरल पदार्थों का सेवन करने पर जोर दिया।

# नारी शक्ति वंदन में प्रधानमंत्री का प्रसारण दिखाया गया

**कुलपहाड़।** नारी शक्ति वंदन अधिनियम के तहत कोतवाली में त प्रधानमंत्री के कार्यक्रम का लाइव प्रसारण दिखाया गया। प्रसारण में पुलिस कर्मचारी मौजूद रहे।

प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार सिंह व क्राइम इंस्पेक्टर अनिल कुमार सिंह की मौजूदगी में कार्यक्रम का सीधा लाइव प्रसारण दिखाकर महिला आरक्षण विधेयक 2023 के बारे में जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम का उद्देश्य राजनीति महिलाओं की कम भागीदारी को सुधारना व निर्णय लेने की प्रक्रिया में शामिल करना और सशक्त भारत का निर्माण करना है। भारत में एक एतिहासिक कानून है जो लोकसभा और राज्यसभा महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत सीटे आरक्षित करता है। सितबंर 2023 में पारित यह अधिनियम संसद में महिलाओं भागीदारी बढ़ाने और उन्हें नीति निर्माण में सशक्त बनाने का एक महत्वपूर्ण कदम है।






जरूरी दिशा-निर्देश | डीएम-एसपी ने कलेक्ट्रेट सभागार में शांति एवं कानून व्यवस्था को लेकर बैठक की

# आज दुरुस्त रहेगी सफाई-प्रकाश व्यवस्था

कार्यालय संवाददाता, महोबा


कलेक्ट्रेट सभागार में डीएम ने अधिकारियों के साथ बैठक की। अमृत विचार

**अमृत विचार।** भीमराव अंबेडकर जयंती को लेकर शांति और कानून व्यवस्था सुदृण रखने को लेकर सोमवार को जिलाधिकार गजल भारद्वाज और पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह को कलेक्ट्रेक्ट सभागार में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि अंबेडकर जयंती पर निकलने वाले सभी आयोजनों, जुलूसों, व कार्यक्रमों में शांति और कानून व्यवस्था सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। जिलाधिकारी ने नगर में साफ सफाई, प्रकाश व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था, पेयजल आपूर्ति और यातायात प्रबंधन को लेकर संबंधित विभागों को दिशा-निर्देश दिए।

डीएम ने कहा कि जुलूस मार्गों का पूर्व निरीक्षण अनिवार्य रूप से किया जाए ताकि किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न हो। डॉ. अंबेडकर जयंती और संबंधित आयोजनों में बड़ी संख्या में लोगों की सहभागिता होती है, इसलिए समिति ने तय की जाने वाली अनुमति प्रकिया, मंचन व्यवस्था, बैरिकेडिंग व वाहन पार्किंग की प्रणाली को स्पष्ट रूप से परिभाषित करना आवश्यक है। उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देश देते हुए कहा कि सभी तैयारियां समय से पूरी की जाए जिससे आयोजन, जुलूस में किसी प्रकार की अवस्थाएं ना उत्पन्न हो।

पुलिस अधीक्षक ने सुरक्षा संबंनी तैयारियों पर विस्तार से चर्चा करते हुए बताया कि संवेदनशील क्षेत्र में अतिरिक्त पुलिस बल् की तैनाती रहेगी और सोशल मीडिया पर भी कड़ी निगरानी रखी जाएगी। उन्होंने कहा कि किसी भी भ्रामक संदेश अफवाह या विवादित सामग्री पर तुरंत कार्रवाई की जाएगी।

कहा कि कार्यक्रम स्थलों पर आवश्यकतानुसार पुलिस बल, यातायात व्यवस्था और सीसीटीवी निगरानी सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने कहा कि समिति के लिए गए निर्णयों का पालन कराया जाएगा ताकि कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हो। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी वित्त, राजस्व कुंवर पंकज, अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे मोईनुल इस्लाम, एसडीएम सदर शिवध्यान पांडे, कुलपहाड़ डॉ. प्रदीप कुमार, चरखारी धीरेन्द्र कुमार सहित समस्त थानाध्यक्ष उपस्थित रहे।

# भाजपा का प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हुआ

**महोबा।** दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026 के अंतर्गत अजनर मंडल में एक दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग एसजीआर पब्लिक स्कूल में हुआ। प्रशिक्षण के प्रथम सत्र में जिला उपाध्यक्ष महेंद्र राजपूत ने संगठन की नीतियों और कार्यशैली की जानकारी दी। वहीं द्वितीय सत्र में जिला पंचायत अध्यक्ष जेपी अनुरागी ने पार्टी की विचारधारा पर विस्तार से प्रकाश डाला।

एक दिवसीय प्रशिक्षण दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा एक ऐसी राजनीतिक पार्टी है, जो अपने कार्यकर्ताओं को निरंतर प्रशिक्षण देकर उन्हें सशक्त बनाती है। उन्होंने देश की एकता, अखंडता और सकारात्मक सोच को पार्टी की मूल विचारधारा बताते हुए कार्यकर्ताओं से इन्हें जनजन तक पहुंचाने का आह्वान किया। इस अवसर पर अजनर मंडल के पदाधिकारी, सेक्टर संयोजक और अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

